
CMYK

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 18 दिसंबर 2023 | वर्ष – 33 | अंक –229 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु.



आज गुरू घासीदास जयंती

■ पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!
■ कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प — पृष्ठ 4

■ फ्रांस का गाजा में युद्धविराम का आह्वान
■ अमीर के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए कुवैत जाएंगे पुरी — पृष्ठ 9

विलियमसन की एक वर्ष बाद हुई टी-20 टीम में वापसी — पृष्ठ 10

# नक्सल समस्या पूरी तरह होगी खत्म : विष्णुदेव साय

**नक्सलियों से सख्ती से निपटने दिये निर्देश**

## मुख्यमंत्री ने नक्सल घटनाओं पर मुख्य सचिव, डीजीपी को बुलाकर ली आकस्मिक बैठक


**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सल घटना की कड़ी निंदा करते हुए शहीद जवान सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजली अर्पित की है, साथ ही शहीद जवान के परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत को व्यर्थ नही जाने देंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार बदलने के बाद से नक्सली बौखलाहट में है। हमारी सरकार नक्सल समस्या को केंद्र सरकार के सहयोग से पूरी तरह खत्म करेगी। नक्सली घटना के समाचार मिलते ही मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में मुख्य सचिव, डीजीपी एवं अन्य अधिकारियों की आकस्मिक बैठक ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन में तेजी लाये एवं उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं डीजीपी नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग करें।

उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में नक्सल घटना में जवान के शहीद होने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय में मुख्य सचिव, डीजीपी समेत उच्च अधिकारियों की आकस्मिक बैठक ली जिसमें खुफिया विभाग के बड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी रवाना हुए। सीएम और डिप्टी सीएम बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे और कई बड़े नेताओं से भी मुलाकात हो सकती है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल को लेकर नाम तय हो सकता है। वहीं नक्सली घटनाओं को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार बदलने से नक्सलियों में बौखलाहट। हमने नक्सलियों से कड़ाई से निपटने के निर्देश दिए हैं।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 5 सालों में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की दुर्दशा की, जिसका यह असर अब दिखता है। हमारी सरकार ने अभी काम करना शुरू किया है। पूरी ताकत से छत्तीसगढ़ की जनता के बेहतरी खुशहाली के लिए काम करेंगे। दिल्ली ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## विस का शीतकालीन सत्र 19 से



■ सरकार 10 हजार करोड़ का लाएगी अनुपूरक बजट

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के बाद तीन दिवसीय विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है. यह शीतकालीन सत्र 19, 20 और 21 दिसंबर तक चलेगा. वहीं सरकार पहले सत्र में 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाएगी।

यह अनुपूरक बजट 3 योजनाओं के लिए पेश होगा। शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश करेंगे. जिसमें किसानों के 2 साल के बकाया बोनस के लिए 2500 करोड़ रुपये, पीएम आवास योजना के लिए 3 हजार करोड़ रुपये, महतारी वंदन योजना के लिए 500 करोड़ का अनुपूरक बजट होगा।

### विधायकों के समर्थक, परिजनों को दर्शक दीर्घा में नहीं मिलेगा प्रवेश

**विस सत्र के दौरान कड़ी सुरक्षा रहेगी**

लोकसभा सदन में युवकों के कूदकर धमा चौकड़ी मचाने की घटना के बाद राज्य विधानसभा प्रशासन ने भी सुरक्षा कड़ी कर दी है। छठवीं विधानसभा का प्रथम सत्र मंगलवार से शुरू हो रहा है।सत्र के प्रथम दिवस सभा में विधायक शपथ ग्रहण करेंगे। 20 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे सभा राज्यपाल का अभिभाषण होगा।सत्र अवधि के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है। केवल प्रवेश पत्र धारी लोगों को ही विधान सभा परिसर में प्रवेश की पात्रता रहेगी। प्रवेश पत्र धारी व्यक्तियों को अपने संस्थान का परिचय पत्र या आधार कार्ड रखना ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



## मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा ने प्रदेश प्रभारी ओम माथुर से की मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दिल्ली दौरे पर हैं। उनके साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी दिल्ली गए हैं। इस दौरान तीनों नेताओं ने आज भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नबीन से मुलाकात की।

इसके अलावा सीएम और डिप्टी सीएम बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कई बड़े नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही मंत्रिमंडल को लेकर नाम तय हो सकता है।

**लैंगिक असमानता पर बोले सीजेआई**

# अधिकारों के उल्लंघन के लिए निजता की आड़ नहीं ली जा सकती

**बेंगलुरू**, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानूनों को घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निजता अधिकारों के उल्लंघन के लिए एक आड़ नहीं हो सकती है। वह देश के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में बेंगलुरू के नेशनल लॉ स्कूल में आयोजित एक व्याख्यान में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति वेंकरमैया की बेटी न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं और देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं।



■ कानूनों से घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत

**कानून के उद्देश्य का विस्तार हो**

सीजेआई ने स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह लैंगिक भेदभाव को सार्वजनिक और निजी अंतर के नजरिए से देखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति झगड़े में पड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं तो उन्हें अपराध करने वाला कहा जाता है।सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, यह तभी दंडनीय है, जब सार्वजनिक स्थल पर हो अन्यथा नहीं। इस प्रकार कानून का जोर केवल झगड़ों अंतरर्निहित गुण या दोष पर नहीं है, बल्कि यह कहां हो रहा है, इस पर है। एक संवैधानिक रूप से शासित समाज को सार्वजनिक और निजी की इस बाइनरी से परे देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी चीजों के इस विरोधाभास ने कई वर्षों से हमारे कानूनों को नारीवादी और आर्थिक आलोचना का आधार बनाया है। अभिव्यक्ति की आजादी के अस्तित्व के लिए इसे इन दोनों स्थानों में मौजूद होना चाहिए।

## हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं का तेजी से करें निपटारा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि अग्रिम जमानत आवेदन सहित जमानत आवेदनों पर निर्णय स्वतंत्रता से संबंधित हैं और सभी उच्च न्यायालयों द्वारा शीघ्रता से इस पर फैसला लिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ एक आरोपी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसके आवेदन को कालानुक्रमिक क्रम में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि इस तरह का आदेश अग्रिम जमानत/नियमित जमानत से संबंधित मामले में निश्चितता के बिना, वह भी मामले को स्वीकार करने के बाद, निश्चित रूप से आवेदन पर विचार करने में देरी करेगा और ऐसी स्थिति व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए हानिकारक होगी।



**सार संक्षेप**

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने बाबा गुरू घासीदास जयंती पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर**। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास जी की 18 दिसम्बर को जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साय ने कहा है कि बाबा गुरु घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया।

### मोदी ने 'सूरत डायमंड बोर्स' का उद्घाटन किया

**सूरत**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी, 17 दिसंबर को गुजरात में बने सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग का इनॉगरेशन किया। ये सबसे बड़ी इंटरकनेक्टेड और अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन से बड़ी ऑफिस बिल्डिंग है। इसमें 4,5 से अधिक दफ्तर हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया और रोड शो भी किया। सूरत डायमंड बोर्स को 3,5 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

### तेलंगाना में मानव-पशु संघर्ष में मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुनी हुई

**हैदराबाद**। तेलंगाना सरकार ने मानव-पशु संघर्ष में किसी व्यक्ति की मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुना कर 1 लाख रुपये कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिन परिवारों के सदस्य मानव-पशु संघर्ष के शिकार होते हैं, उनके लिए अनुग्रह राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है।

### ईडी ने तमिलनाडु में नियोमैक्स ग्रुप मामले में संपत्तियां की कुर्क

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मदुरै स्थित नियोमैक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में पूरे तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत 27 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ईडी ने नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियों के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (मदुरै) के समक्ष निवेशकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया।

# राज्यपाल ने रामविचार नेताम को प्रोटेम स्पीकर की दिलाई शपथ



**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज यहां राजभवन के दरबार हाल में सादगी पूर्ण समारोह में विधानसभा के निर्वाचित सदस्य रामविचार नेताम को विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) की शपथ दिलायी। नेताम ने छत्तीसगढ़ी में शपथ ली। उन्होंने विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखने, भारत की प्रभुता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री द्वय भूपेश बघेल, डॉ. रमन सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, पुन्नुलाल मोहिले, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### रमन सिंह ने स्पीकर पद के लिए दाखिल किया नामांकन



■ प्रस्ताव रखने के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत सभी साथियों का जताया आभार

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने नामांकन भरने के बाद बयान दिया है. उन्होंने कहा कि धन्यवाद दूंगा कि सबने विधानसभा के संचालन के लिए एक नई दायित्व में विधायक दल ने चयन किया है. विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका पक्ष और विपक्ष के लिए बराबर की रहती है. नई भूमिका का निर्वहन बेहतर तरह से करूंगा. रमन ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# नागपुर में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट से नौ की मौत

**नागपुर**, 17 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के शहर नागपुर के बाजारगांव स्थित एक बारूद कंपनी में रविवार को विस्फोट हो जाने से तीन महिला श्रमिकों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप पखाले ने कहा कि विस्फोट के सही कारणों की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि विस्फोट में मरने वालों में से छह पुरुष तथा तीन महिलाएं हैं और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर में फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता देने की भी घोषणा की है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित एजेंसियों को घायल व्यक्तियों को उत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

■ तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए
■ पांच लाख की सहायता देने की घोषणा

**लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस**

# 'देश के लिए दान' अभियान की खड़गे आज करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली**, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आर्थिक तंगी का दावा करने वाली कांग्रेस ने आगामी आम चुनाव से पहले ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'देश के लिए दान' नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र के भारतीय इस अभियान के जरिए 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए या फिर इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में दे सकते हैं। माकन ने कहा कि अभियान की टैगलाइन होगी बेहतर देश के लिए कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत है।



■ अभियान की टैगलाइन बेहतर देश के लिए कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत

**खड़गे ने 21 दिसंबर को बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक**

उत्तर भारत के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है। बैठक में 14 सांसदों – 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से – को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है।

# नक्सली मुठभेड़ में एक जवान शहीद, एक घायल

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद जवान की शहादत को किया नमन

**सुकमा**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। रविवार की सुबह नक्सलियों ने बेदरे कैम्प में तैनात जवानों पर ऑपरेशन के दौरान फायरिंग की जिसमें 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गये। घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया गया। इस घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद जवान की शहादत को नमन किया और उन्होंने घायल



कॉन्स्टेबल के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। पुलिस के बताए अनुसार सुबह 7 बजे थाना जगरगुंडा अंतर्गत कैंप बेदरे से सीआरपीएफ 165 वीं बटालियन की कंपनी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सीजी बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से होने की संभावना

**रायपुर**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से संभावित है। समय सारिणी तैयार करने में माशिमं जुटा है। मुख्य परीक्षा से पहले जनवरी में प्रैक्टिकल परीक्षाएं होंगी। मुख्य परीक्षा के लिए 5 लाख 97 हजार से अधिक नियमित विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। 10वीं में 3,42,467 नियमित विद्यार्थी पंजीकृत हुए है। 12वीं में नियमित विद्यार्थियों की संख्या 2,54,850 पहुंची है। 13 हजार विद्यार्थी प्राइवेट रूप से परीक्षा देंगे।

यह अनुमान इसलिए लगाया जा रहा हैं क्योंकि, शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 के लिए हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं मार्च में आयोजित की गई थी। इसी आधार पर उम्मीद जताई जा रही है कि साल 2024 में भी ऐसा ही होगा। इसके साथ ही 10वीं, 12वीं की एग्जाम की डेटशीट भी जल्द रिलीज कर दिया जाएगी।

# इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की कल बैठक

**सीटों के बंटवारे को लेकर होगा विचार विमर्श**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र के बीच विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन ने 19 दिसंबर मंगलवार को यहां राष्ट्रीय राजधानी में अपनी चौथी बैठक बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद छह दिसंबर को यहां अपने आवास पर गठबंधन दलों के नेताओं की बैठक बुलाई थी लेकिन समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी तथा कुछ अन्य नेताओं ने बैठक में निजीव्यवस्था के कारण शामिल होने से असमर्थता जताई थी जिसके बाद यह बैठक टल गई थी। सूत्रों के अनुसार 19 दिसंबर को होने वाली ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सुझाव** धरोहरों से जुड़े कानून पर संसदीय समिति का अहम सलाह

# सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय करने के लिए हो संशोधन

**नई दिल्ली, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। देश की ऐतिहासिक विरासतों और धरोहरों से जुड़े कानून में संशोधन को लेकर संसदीय समिति ने अहम सुझाव दिया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति ने सिफारिश की है कि कानून में ऐसे सख्त संशोधन किए जाने चाहिए, जिससे विरासत और धरोहरों के संरक्षण से जुड़े सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके।**

*परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के मामलों को देखने वाली स्थायी संसदीय समिति ने कहा, आने वाले संशोधनों में बेहद सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिए, जिनसे सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। समिति ने केंद्र की तरफ से संरक्षित स्मारकों और धरोहरों को सहेजने के साथ-साथ अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते और तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का आह्वान भी किया।*

***जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा हो***–*धरोहरों को सहेजने से जुड़े कानून में बदलाव पर संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा, अगर सरकारी कर्मचारी स्मारकों के अतिक्रमण रोकने में विफल रहें और अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते पाए जाएं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा भी होनी चाहिए। समिति ने कहा कि अतिक्रमण को रोकने के लिए 1972 में बने कानून-वन्यजीव अधिनियम के तहत डीएफओ को जैसी शक्तियां दी गई हैं, वैसे ही अधिकार एएसआई अधिकारियों को मिलने चाहिए।*

***शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की***–*समिति ने शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की। एएमएएसआर कानून के तहत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करती है। एएसआई देशभर में काम करती है।वर्तमान में एएसआई 3690 स्मारकों को सहेजने का काम कर रहा है।*

# अनुकंपा नियुक्ति के नियमों को शिथिल करने व सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों का प्रकरण का त्वरित निराकरण हो

## नियमों की आड़ में गौरेला एवं पेंड्रा के बीईओ शिक्षकों को परेशान एवं आर्थिक शोषण करना करें बंद

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद छ.ग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही की बैठक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष एवं संयोजक डॉक्टर संजय शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें अधिकारी कर्मचारियों के समस्याओं एवं हित से संबंधित चर्चा की गई।

जनपद पेंड्रा के सभा कक्ष में 17 दिसंबर को आयोजित बैठक में फेडरेशन के नेताओं ने प्रदेश में में हुए विधान सभा चुनाव 2023 में हुए सत्ता परिवर्तन के साथ नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मरवाही एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची एवं अटल श्रीवास्तवजी को फेडरेशन द्वारा बधाई दी गई। फेडरेशन ने उम्मीद जताई कि भाजपा के संकल्प पत्र के अनुसार प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों की लंबित मांगो एवं समस्याओं का समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन फेडरेशन के विस्तृत चर्चा मे नववर्ष 2024 का वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित कराया जाए इसके लिए फेडरेशन से संबद्ध समस्त कर्मचारी संघ के बिलाध्यक्ष से सहयोग की अपेक्षा की गई। इस कार्य के लिए फेडरेशन के संयोजक डॉक्टर संजय शर्मा एवं महासचिव द्वय विश्वास गोवर्धन एवं आकाश राय को अधिकृत किया गया है।

बैठक में विभिन्न संगठन के जिलाध्यक्षों से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गरिला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी पेण्डा द्वारा विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति एवं मॉनिटरिंग के नाम पर मनमानी एवं भयादोहन किया जा रहा है जिसका फेडरेशन द्वारा पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार शिक्षको के अन्य तत्वों एवं अवकाश प्रकरण में आर्थिक शोषण की शिकायत प्राप्त हो रही है। अतः फेडरेशन द्वारा उचित कार्यवाही की की जाती है। कार्यवाही की कड़ी में प्रथम चरण में दोनों बी ई ओ से फेडरेशन के संयोजक डॉक्टर संजय शर्मा चर्चा करेंगे तथा इसके बावजूद कार्यशैली में परिवर्तन नहीं होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में फेडरेशन के नेताओं द्वारा चर्चा की गई कि शासन के अनुकंपा नियुक्ति के प्रावधानों के कारण मृत शासकीय कर्मचारियों के परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मृत शासनको के रिश्तेदार के शासकीय कर्मचारियों

होने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति नहीं दी जाती है तथा यदि दी भी जाती है तो शिकायत होने पर कर्मचारियों को हटा दिया जाता है अतः फेडरेशन द्वारा शासन से मांग की जाती है कि अनुकम्पा नियुक्ति के नियम को शिथिल करते हुए केवल मृत शासकीय व्यक्ति के परिवार को एक इकाई मानते हुए हुए अनुकंपा नियुक्ति के प्रावधान किया जाए। इसी के साथ जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में तुरंत पीड़ित परिजनों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाने की मांग रखी गई। इस हेतु मुख्यमंत्री छग शासन से पत्र व्यवहार करने के निर्णय लिया गया।

बैठक में फेडरेशन के पदाधिकारियों ने चर्चा उपरांत गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला के समस्त विभागाध्यक्ष से अपेक्षा कि कि सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन निर्धारण एवं ग्रेच्युटी एवं समस्त स्वत्वों के निर्धारण की कार्यवाही सेवा निवृत्ति के पूर्व करने का आग्रह किया गया ताकि समय सीमा के भीतर सेवानिवृत कर्मचारियों को प्रिंस सहित अन्य भुगतान प्राप्त हो सके तथा उन्हें मानसिक प्रताड़ना एवं आर्थिक से बचाया जा सके। इस संबंध में आवश्यक पत्राचार सभी विभाग अध्यक्ष से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई तथा फेडरेशन को अधिकारी कर्मचारियों के हित में मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर संजय शर्मा संयोजक एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासचिव विश्वास गोवर्धन महासचिव आकाश राय वरिष्ठ पदाधिकारी माधव प्रसाद रौतेल,प्रकाश कुमार रैदास राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ एसपी सोनी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मुकुंद मोगरे सहित अक्षय नामदेव जिला मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन उपस्थित थे।

# मंगला सड़क चौड़ीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

## विधायक सुशांत शुक्ला ने निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के साथ किया क्षेत्र का निरीक्षण

**बिलासपुर**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। मंगला क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या संकरी सड़क से जल्द ही रहवासियों को निजात मिलने वाली है,डेढ़ किमी के बचे हुए हिस्से में चौड़ीकरण के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए है। आज नवनिर्वाचित बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के साथ समस्याग्रस्त सड़क का जायजा लिया और चौड़ीकरण के संदर्भ में आवश्यक चर्चा किया। जिसके बाद निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने नगर निगम के मुख्य अभियंता को सड़क का सीमांकन कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए डीपीआर समेत चौड़ीकरण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।



आज सुबह 7 बजे बेलतरा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सुशांत शुक्ला मंगला क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत और निगम के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मंगला के आजाद चौक के पास काफी लंबे समय से अटके सड़क चौड़ीकरण के कार्य को लेकर आ रही समस्या के संदर्भ में बेलतरा विधायक ने निगम कमिश्नर से चर्चा किया। चर्चा के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने निगम कमिश्नर से चौड़ीकरण में आ रही मकान और जमीन की समस्या का निराकरण कर जल्द ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य निगम द्वारा प्रारंभ करने को कहा। ज्ञात है कि लंबे वक्त से मंगला के इस मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का काम रुका हुआ है जिसके कारण क्षेत्र के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,आजाद चौक के पास तो घंटो जाम लगे रहता है। सड़क चौड़ीकरण हो जाने से आए दिन लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी और आवागमन सुरक्षित और सुगम होगा। दीनदयाल कालोनी में समेत आस पास सफाई के विशेष अभियान चलाने के निर्देश निगम कमिश्नर ने दिए साथ ही कालोनी के गार्डन के पुनर्विकास के लिए भी प्रस्ताव बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए

### तालाब और मुक्तिधाम को संवारा जाएगा

विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा किए गए भ्रमण के दौरान स्थानीय पार्षद और नागरिक भी उपस्थित रहें,इस दौरान गंगानगर फूटहा तालाब के निकासी की समस्या का निराकरण कर तालाब का सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने मुख्य अभियंता को योजना तैयार कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। रहवासियों द्वारा एक व्यवस्थित मुक्तिधाम नहीं होने की समस्या बताई गई,जिस पर तत्काल पहल करते हुए विधायक ने निगम कमिश्नर से इस संबंध में चर्चा किया,जिसके बाद निगम कमिश्नर ने मंगला में जिस स्थान पर अंतिम संस्कार किया जाता है उस स्थान के विकास और व्यवस्थित करने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। इसके अलावा सड़क पर लगने वाले सब्जी बाजार को शिफ्ट करने और मंगला क्षेत्र में खेल कूद के लिए एक मैदान की आवश्यकता को देखते हुए जगह चिन्हांकित करने के निर्देश दिए है।

## सार-संक्षेप

### निषाद पार्टी ने डिप्टी सीएम का किया भव्य स्वागत

**बिलासपुर ,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। उप-मुख्यमंत्री बनने के पश्चात बिलासपुर नगर में प्रथम आगमन पर अरुण साव का निषाद पार्टी के द्वारा और विशाल जनसमूह द्वारा भव्य स्वागत किया गया । जिसमें राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह राजपूत , डॉ धर्मेंद्र दास, जीवन मिश्रा, सुकांत विश्वकर्मा, डॉ मनीष मोटवानी, प्रदेश अध्यक्ष आईटी सेल कुंज राम निषाद, प्रदेश संगठन मंत्री व जिला अध्यक्ष बिलासपुर राजकुमार निषाद , प्रदेश सचिव इन्नल निषाद , द ग्रेट युवा वाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश निषाद , जिला महामंत्री भागीरथी निषाद और साथ में अन्य कार्यकर्ता के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



### गोला फेंक प्रतियोगिता में पुरुषोत्तम ने जीता गोल्ड मेडल

**तखतपुर**,17 दिसम्बर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम बेलसरा तखतपुर विधान सभा के खिलाड़ी पुरुषोत्तम ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में पुरुषोत्तम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है । खेल का आयोजन 10 से 12 दिसम्बर तक बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में आयोजित किया गया था। पुरुषोत्तम ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया।पुरुषोत्तम के पिता श्री बेदप्रसाद एवम माता श्रीमति रजनी उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करते रहे। पुरुषोत्तम अपने मां और पिताजी के नाम रोशन करने के साथ साथ अपने गांव का भी नाम रोशन किया।




# कसौधन वैश्य समाज की छत्तीसगढ़ स्तरीय दूसरा संस्करण वैवाहिक पत्रिका का हुआ विमोचन



**बिलासपुर** , 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। कसौंधन वैश्य समाज के विवाह योग्य – युवक युवतियों के फोटोयुक्त संपूर्ण जानकारियों के साथ छत्तीसगढ़ स्तरीय मे दूसरा संस्करण वैवाहिक पत्रिका का गरिमामय उपस्थिति में विमोचन हुआ। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि एल्डरमैन एवम जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता एवं अशोक कुमार गुप्ता (जीएम अंबुजा सीमेंट) के द्वारा विमोचन किया गया। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि समाज में लड़का लड़की की शादी लगना बहुत बड़ी जटिल समस्या है और ऐसे में हमारे समाज का दैनिक जिम्मेदारी है कि भारत वर्ष में 3 करोड़ से भी ज्यादा कसौधन वैश्य बंधु निवास करते हैं, सभी लोगो से बिना पुस्तक या मध्यस्थ के बिना संपर्क यह काम नामुमकिन सा लगता है, समाज की यह वैवाहिक पत्रिका हमे अपने बच्चों की शादी लगाने में एक दूसरे का बायोडेटा के माध्यम से संपर्क कर अच्छे रिश्ते से अच्छे रिश्ते हमें मिलाने में मददगार होगी व मिल का पत्थर साबित होगा। संपादक मंडल को हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं देता हूं, अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य समाज बिलासपुर शाखाओं का यह एक अनुकरणीय पहल है। जो विवाह योग्य युवक युवतियों को जीवन साथी तराशने के लिए वरदान साबित होगा। आज के समय मे विवाह एक जटिल समस्या बन गई है । जिसके लिए समाज द्वारा युवक – युवतियों को सुविधा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के पत्रिका का प्रकाशन किया गया है। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वं बिलासपुर जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा की इसके अलावा इस पत्रिका में विधवा, तलाक सुधा, पूर्ण मांगलिक व युवक – युवतियों की संपूर्ण जानकारी भी समाहित है। कसौंधन वैश्य समाज के उक्त पत्रिका का विमोचन को हुआ, विमोचन होने के बाद यह वेबसाइट इंटरनेट में उपलब्ध रहेगा ।

# चर्चों में क्रिसमस की तैयारी, प्रभु ईसा मसीह और मदर मैरी की होती है पूजा





**बिलासपुर** , 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। शहर में क्रिसमस की चल रही तैयारी ईसाई समुदाय के बहुत सारे चर्च हैं और इसके अलावा मिशन स्कूलों में भी चर्च बनाए गए हैं. इन सभी चर्च में इस समय साफ सफाई और रंग रोगन का काम किया जा रहा है. आने वाले 25 दिसंबर को प्रभु ईसा मसीह का जन्म दिवस मनाया जाएगा और क्रिसमस की तैयारी के साथ ही झांकी बनाई जाती है. यह झांकी शहर में घूम कर प्रभु ईसा मसीह का संदेश लोगों तक पहुंचती है. ईसा मसीह को

इंसानियत का उपदेश देने और लोगों में भाईचारा बनाने के लिए सूली पर चढ़ा दिया गया था. कुछ चर्च में इसी तरह के झांकी और जीवंत तस्वीर तैयार की जाती है. इसके अलावा उस समय जिस तरह से ईसा मसीह को क्रॉस पर चढ़ाकर लेकर गए थे, उसी तरह जीवंत झांकी भी बनाई जाती है. बिलासपुर में क्रिसमस का पर्व काफी धूमधाम से मनाया जाता है और यहां ईसाई समुदाय के साथ ही अन्य समुदाय के लोग भी क्रिसमस मनाते हैं।

क्रिसमस का त्योहार पास आ रहा है. घरों से लेकर चर्च में क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो गई है. बिलासपुर में रेलवे परिक्षेत्र और इसके आसपास चार ऐसे चर्च हैं जो सौ से डेढ़ सौ साल पुराने हैं. जहां ईसाई धर्म के लोग प्रभु की आराधना करने आते हैं. इन चर्च में अलग अलग समुदाए जैसे रोमन, कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट धारा को मानने वाले अनुयाई है जो अपने मुताबिक प्राथना करते हैं. किसी चर्च में मदर मैरी की पूजा की जाती है तो किसी में प्रभु ईसा मसीह की ओर कोई बिना मूर्ति बाइबल की पूजा करता है. इनका ऊपर वाले को मानने का तरीका भी अलग है. ये एक ही समुदाए है फिर भी पूजा का तरीका अलग है. सभी ईसाई समुदाए के लोग हैं और इन चर्चों में आकर प्रार्थना करते हैं।

बिलासपुर रेलवे ब्रिटिश काल में ब्रिटिशियन का सबसे पसंदीदा शहर था और इसीलिए ब्रिटिश गवर्मेंट ने रेलवे परिक्षेत्र में सैकड़ों एकड़ में रेलवे के लिए जमीन सुरक्षित की थी. यहां ब्रिटिश काल के दौरान ही ब्रिटिशियन कॉलोनी बनाकर रहते थे और बड़े अधिकारी अंग्रेज ही हुआ करते थे. यहां अंग्रेज बड़े बंगलो में रहते थे और वह रेलवे में अपनी सेवा देते थे. ब्रिटिशियन ईसाई समुदाय से जुड़े हुए थे और अलग- अलग धाराओं को मानने वाले थे. यही कारण है कि उनके प्रेयर के लिए ब्रिटिश गवर्नमेंट ने यहां चर्च का निर्माण कराया था. अलग-अलग धाराओं के मुताबिक ब्रिटिश गवर्नमेंट ने रोमन, कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट और इंडियन ईसाई समुदाय के लिए अलग चर्च का निर्माण कराया था. इन चर्च में अपनी अपनी मान्यता के अनुरूप ईसाई समुदाय के लोग प्रेयर करते थे। बिलासपुर के चर्च कई दशक पुराने हैं. कुछ तो डेढ़ सौ साल पुराने चर्च हैं जिन्हें अब भी ईसाई समुदाय ने सहेज कर रखा है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### नक्सल समस्या पूरी तरह...

दौरे को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, राज्य में सरकार गठन के बाद केंद्र नेताओं से मिलना नहीं हुआ है इसे लेकर मिलने जा रहे हैं। आगे के विषय को लेकर चर्चा होगी, बहुत जल्दी मंत्रिमंडल का गठन होगा। मंत्री परिषद में कौन शामिल होगा यह मुख्यमंत्री का विशेष अधिकार होता है। सामूहिक नेतृत्व में पार्टी चलती है, मुख्यमंत्री चर्चा करके बहुत जल्दी अपने मंत्री परिषद का गठन करेंगे। डॉ. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर डिप्टी सीएम साव ने कहा कि डॉ रमन सिंह का लंबा संसदीय अनुभव है। ऐसे अनुभवी और दिग्गज राजनेता विधानसभा के अध्यक्ष बनने वाले हैं। संसदीय गरिमा के अनुरूप एक नया इतिहास छत्तीसगढ़ राज्य को मिलेगा।

### विधायकों के समर्थक...

आनिवार्य होगा। विधान सभा परिसर एवं सभी दीर्घाओं में सुरक्षा कर्मियों द्वारा कड़ी नजर रखी जायेगी। केवल विधायकों को ही वीआईपी गेट तक जाने की अनुमति होगी । विधायकों के साथ आये कार्यकर्ता एवं उनके परिजनों के लिए विधान सभा परिसर स्थित प्रेक्षागृह में बड़ी स्क्रीन लगाकर सदन की सीधी कार्यवाही देखने की व्यवस्था की गयी हैं । उनका प्रवेश गेट क्रमांक-1 से होगा। सचिवालय द्वारा प्रथम सत्र की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है । नवनिर्वाचित सदस्यों के स्वागत में विधान सभा परिसर को फूल मालाओं एवं रंगोली से सजाया जा रहा है ।

### राज्यपाल ने रामविचार नेताम को...

अजय चंद्राकर, दयालदास बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक, नवनिर्वाचित विधायक, जनप्रतिनिधिगण एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वय श्रीमती रेणु जी पिल्ले, सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने किया।

### रमन सिंह ने स्पीकर पद के लिए ...

और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत पूरे प्रतिपक्ष को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने आम सहमति से चयन में भाग लिया. डॉ. रमन ने कहा कि अब नए दायित्व में सबके हितों की रक्षा करना है. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा नक्सली हमले पर बीजेपी को घेरने को लेकर रमन सिंह ने कहा कि हम विधानसभा में खड़े हैं. चर्चा के लिए पर्याप्त समय रहेगा.

### नक्सली मुठभेड़ में...

उर्सांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकले थे । ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। जिसमें 165 वीं बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गये । घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया गया। इसके साथ ही आस पास के इलाके को सर्च करने पर 4 संदिग्धों को पुलिस कब्जे में लिया गया है तथा सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल के द्वारा आस पास के इलाके की सघन सर्चिंग की गई। वहीं शहीद जवान को सुकमा जिला मुख्यालय में श्रद्धांजलि दी गई।

### इंडिया गठबंधन के दलों के ...

बैठक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और द्रमुक नेता एमके स्टॅलिन भी शामिल होंगे। बैठक का एजेंडा तैयार बताया जा रहा है लेकिन आधिकारिक तौर पर अब तक एजेंडा जारी नहीं किया गया है। सूत्रों की माने यो आम चुनाव के लिए घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर इस बैठक में विचार विमर्श हो सकता है। विपक्षी दलों ने 2024 के चुनाव में मिलकर चुनाव लड़ने के लिए यह गठबंधन बनाया है जिसकी अब तीन बैठके हो चुकी है।

# संकल्प शिविर में उमड़ रही हितग्राहियों की भीड़,मिल रहा योजनाओं का लाभ

## विधायक अमर अग्रवाल हुए शामिल, कहा-पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक का संवर रहा जीवन

### दूसरे दिन शिविर में पांच हजार से अधिक लोग हुए शामिल

**बिलासपुर**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगो तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कड़ी में आज दूसरे दिन बिलासपुर शहर में दो अलग-अलग स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया। पहला शिविर सुबह 9 बजे से 1 बजे तक आदिवासी छात्रावास जरहाभाटा और दूसरा शिविर शासकीय बहुउद्देशीय स्कूल दयालबंद में आयोजित किया गया। जिसमें 5047 नागरिक शिविर में पहुंचे,इस दौरान केंद्रीय योजनाओं की जानकारी नागरिकों ने लिया और योजनाओं का लाभ उठाया।



दोनों शिविर के मुख्य अभ्यागत रहे बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब कहा था की मेरी सरकार देश के गरीबों को समर्पित होगी और इस बात को उन्होंने साकार किया है। आज देश के करोड़ो गरीब परिवारों के पास आवास है,उज्जवला योजना के ज़रिए महिलाओं को गैस देकर उन्हें धूएं से मुक्ति दिलाया है। कोरोना काल में नुकसान उठाने वाले स्ट्रीट वेंडरों को पीएम स्वनिधि के ज़रिए फिर से ऊपर उठाया जा रहा है आयुष्मान योजना से करोड़ो लोगों को मुफ्त में इलाज चल रहा है

शौचालय बनवाकर स्वच्छता का दीप तो जलाया ही साथ में महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान को भी सुरक्षित किया गया है। मोदी सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक की चिंता की है,जिससे उनके जीवन में बदलाव आया है, हर वर्ग का जीवन संवर रहा है।

यह शिविर लोगों के कल्याण के लिए है,छूटे हुए लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने शिविर में लगे स्टाल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से चर्चा भी।

शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 587, आयुष्मान कार्ड के लिए 617, आधार कार्ड के लिए 480 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 427 लोगो ने पंजीयन कराया। शिविर में 1123 लोगो ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 23 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया। शिविर में विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई। शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हे शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है, जिसका लाभ अब उन्हे मिलेगा।

उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने वाली ओम नगर की गायत्री मनहर और नारियल कोठी की पूनम यादव ने बताया कि पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थी, जिससे निकलने वाले धुएं से उन्हे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था। शिविर में आकर समस्त दस्तावेज जमा करने पर उन्हे तुरन्त उज्जवला गैस का कनेक्शन मिल गया। अब उन्हे खाना बनाने में आसानी होगी। शिविर में पात्र हितग्राही सुरेश सोनवानी,रूखमड़ी यादव,रविंद्र गढ़ेवाल और प्रकाश सोनवानी को पीएम आवास योजना के तहत आवास का तोहफा मिला।

### 18 दिसम्बर को लाल बहादुर स्कूल और घोड़ादाना स्कूल में शिविर

कल 18 दिसम्बर को सवेरे 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंडित लालबहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह और और दोपहर 1.30 बजे से शाम 6 बजे तक घोड़ादाना स्कूल तालापारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया है।

# देश

उवाच

'चार साल हो गए हैं जब आंध्र प्रदेश को बिना राजधानी वाला राज्य बनाने के लिए भविष्य के शहर अमरावती को छोड़ दिया गया। एक लालची, ईर्ष्या से भरे आदमी जगन मोहन रेड्डी के विनाशकारी फैसलों के कारण हजारों किसान जिन्होंने अपनी जमीनें दे दी थीं, अब सड़कों पर हैं':– एन. चंद्रबाबू नायडू, पूर्व मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.7 | `6.5 |
| मुंबई | 33.2 | 2`.2 |
| कोलकाता | 25.6 | 14.2 |
| चेन्नई | 3`.4 | 23.9 |

## छत्तीसगढ़ में टिकट से वंचित कांग्रेस विधायकों ने 'फर्जी' पार्टी सर्वेक्षणों के खिलाफ उठाई आवाज

### पार्टी के कई पूर्व विधायक सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले



■ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा से हार गई, केवल 35 सीटें जीत पाई

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में भारी झटके के कुछ दिनों बाद, जिन कांग्रेस नेताओं को टिकट से वंचित किया गया था, उन्होंने खुलकर सामने आना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि राज्य में हाल ही में हुए चुनावों के लिए उन्हें पार्टी के टिकट से वंचित करने के लिए फर्जी सर्वेक्षण किए गए थे। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा से हार गई, इसमें कांग्रेस राज्य की 90 में से केवल 35 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि भाजपा 54 सीटों के साथ सत्ता में आई। कांग्रेस की नजर राज्य में लगातार दूसरे कार्यकाल पर थी।

पार्टी की हार के बाद, पार्टी के कई पूर्व विधायक शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिए जाने की सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। टिकट से वंचित 22 पूर्व विधायकों में से 12 ने वेणुगोपाल से मुलाकात कर सर्वेक्षण रिपोर्ट की विश्वसनीयता पूछी। 12 पूर्व विधायकों में से एक ने कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल से मुलाकात की और उन्हें बताया कि ऐसी संदिग्ध सर्वेक्षण रिपोर्ट के कारण उन्हें टिकट से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल को अवगत कराया कि सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर मौजूदा विधायकों को टिकट देने से इनकार करने से, जिसमें उन्हें हारते हुए दिखाया गया था, पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'हमें टिकट देने से इनकार करके कांग्रेस ने अपनी जीती हुई सीटें भाजपा को उपहार के रूप में दे दीं।' पूर्व विधायकों ने कहा कि उन्होंने उस सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुद्दे पर चर्चा के लिए पार्टी प्रमुख खड़गे से भी मिलने का समय मांगा है। दिल्ली आए 12 विधायकों में बृहस्पति सिंह, मोतीलाल, शिशुपाल सोरी, विजय जयसवाल, चैनिंग लाल, भुवनेश्वर बघेल, चंद्रदेव राय, विनोद, ममता चंद्राकर, प्रमोद शर्मा, मोहित ककरेटा और लक्ष्मी ध्रुव शामिल हैं। पूर्व विधायकों ने सर्वे की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने भी सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी टीम भेजी थी।

पूर्व विधायकों ने कहा, 'हालांकि, उन्हें राज्य स्तर पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर अपना सर्वेक्षण करने की अनुमति नहीं दी गई, इसलिए हम जानना चाहते हैं कि पार्टी के खिलाफ साजिश रचने के लिए कौन जिम्मेदार थे।' उन्होंने कहा, जब उनसे पूछा गया कि वे इसके लिए किसे जिम्मेदार मानते हैं, तो उन्होंने कहा, 'प्रभारी, सह-प्रभारी और अन्य नेता, जिन्होंने नीतियां बनाईं और फर्जी सर्वेक्षण कराया और पार्टी को धोखा दिया। इसलिए हम फर्जी सर्वेक्षण करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं।' पार्टी नेताओं के अनुसार, अपनी ही सर्वेक्षण रिपोर्ट पर राज्य नेतृत्व की अनिच्छा के बाद पार्टी के रणनीतिकार सुनील कानूगोलू को छत्तीसगढ़ में सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया था, लेकिन कानूगोलू आगे नहीं बढ़े। यही हाल मध्य प्रदेश और राजस्थान का था, जहां प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश स्तर पर सर्वे टीम तय की।

इस बीच, कनुगोलू, जिन्हें तेलंगाना में खुली छूट मिली, ने एक बार फिर पार्टी को कर्नाटक के बाद एक और बड़ी जीत दिलाई। शनिवार को, खड़गे ने मध्य प्रदेश में हार के बाद अपने पहले फैसले में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की जगह जीतू पटवारी को राज्य इकाई का प्रमुख नियुक्त किया और उमंग सिंघार को सीएलपी नेता नियुक्त किया। छत्तीसगढ़ में, खड़गे ने विधायक चरण दास महंत को सीएलपी नेता नियुक्त किया और दीपक बैन को राज्य इकाई प्रमुख के रूप में बने रहने के लिए कहा।

## बदलते समय के साथ कुछ नया करने की जरूरत : राजनाथ सिंह

### राजनाथ ने की सेना में परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने की वकालत



परंपरा का पालन करते हुए सशस्त्र बलों को नवाचार को भी समान महत्व देना चाहिए जो उन्हें बदलते समय के अनुरूप तैयार करता है:-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

**हैदराबाद,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सशस्त्र बलों में परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परंपरा का पालन करते हुए सशस्त्र बलों को नवाचार को भी समान महत्व देना चाहिए जो उन्हें बदलते समय के अनुरूप तैयार करता है। वह हैदराबाद के बाहरी इलाके डंडीगल में वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण पूरा करने वाले कुल 213 फ्लाइट कैडेटों (25 महिलाओं सहित) को भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से नये विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के प्रति अपना खुलापन कभी नहीं खोने का आह्वान किया।

सिंह ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे न केवल परंपरा को उचित महत्व दें क्योंकि वे समय की कसौटी पर कसे जा चुके हैं, बल्कि नवाचार पर भी ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, 'अगर परंपरा का पालन बिना सोचे-समझे लंबे समय तक किया जाता है, तो इससे व्यवस्था में विकृति आ जाती है। इस स्थिति से बचने के लिए लगातार बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए कुछ नया करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'अगर हम केवल परंपरा का पालन करेंगे तो हम एक मृत झील की तरह होंगे। हमें एक बहती हुई नदी की तरह बनना होगा। इसके लिए हमें परंपरा के साथ-साथ नवीनता भी लानी होगी।' रक्षा मंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे उड़ते रहें और ऊंचाइयों को छूते रहें, लेकिन जमीन से अपना जुड़ाव बनाए रखें।

उन्होंने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों को बधाई दी और उनके बेदाग प्रदर्शन, सटीक ड्रिल मूवमेंट और परेड के उच्च मानकों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने उनसे किसी भी परिस्थिति में नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के प्रति अपना खुलापन नहीं खोने का आग्रह किया। उन्होंने पासिंग आउट परेड को युवा अधिकारियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण दिन बताया क्योंकि वे कैडेट से अधिकारी बनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में वे परीक्षा से पहले प्रशिक्षक से सीख रहे थे। उसके विपरीत अब वास्तविक जीवन में उन्हें पहले परीक्षा का सामना करना होगा और अपनी गलतियों से सीखना होगा। उन्होंने कहा, 'खुला आसमान और जीवन आज से आपके प्रशिक्षक हैं।'

## सार संक्षेप

### झारखंड की जन भावनाओं को भाजपा समझती है : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड के रांची ग्रामीण जिलांतर्गत नामकुम में आज भाजपा का मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे नामकुम जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा और खिजरी ग्राम पंचायत की मुखिया कर्मेला कच्छप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा,सांसद संजय सेठ,महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर,पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित पार्टी के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित थे। मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

### तीन राजधानियों के खिलाफ अमरावती के किसानों के विरोध-प्रदर्शन के चार साल पूरे

**अमरावती।** जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के तीन राजधानियाँ बनाने के फैसले के खिलाफ अमरावती के किसानों और महिलाओं के विरोध-प्रदर्शन को रविवार को चार साल पूरे हो गए। प्रदर्शनकारी, जो अमरावती को राज्य की एकमात्र राजधानी बनाए रखने की मांग कर रहे हैं, उन्होंने अपना झंडा फहराया और इस अवसर को चिह्नित करने के लिए सर्व-धर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया। अमरावती राजधानी क्षेत्र के सभी 29 गांवों में विरोध शिविरों में बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं एकत्र हुईं। हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। आयोजकों का कहना है कि राज्य की राजधानी को तीन भागों में बांटने के सरकार के फैसले के कारण 2 किसानों की मौत हो गई थी।

### ओडिशा में जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बारगढ़ जिले में रविवार को एक जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। मृतकों की पहचान गैसलेट क्षेत्र के कथौमल गांव के सिबलाल सुना और देशभातली क्षेत्र के बलराम साहू के रूप में की गई है। 55 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर सिबलाल जिले के झारपाली इलाके में एक नहर निर्माण कार्य में मजदूर के रूप में काम करता था। वह शौच के लिए गया था, जहां उसे हाथी मिल गया। हाथी ने सिबलाल पर हमला कर दिया और उसे कुचलकर मार डाला। एक अन्य घटना में, 25 वर्षीय बलराम धान की फसल काट रहा था। वह घने कोहरे के कारण हाथी को नहीं देख सका।

## बंगाल को बेवजह संसद की सुरक्षा में सेंधमारी से जोड़ा जा रहा : ममता

**कोलकाता,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि हाल ही में संसद भवन में हुई सुरक्षा में सेंधमारी से जानबूझकर पश्चिम बंगाल को जोड़ा जा रहा है, ताकि वहां की गंभीर सुरक्षा खामियों से ध्यान भटकाया जा सके। नई दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले के मुख्य आरोपी ललित झा का पश्चिम बंगाल से कोई घनिष्ठ संबंध नहीं है। उन्होंने झा के कथित बंगाल कनेक्शन के बारे में अपनी पहली टिप्पणी में कहा, 'उसके बिहार और झारखंड से संबंध थे, पश्चिम बंगाल से नहीं। इसलिए अनावश्यक रूप से इस मामले में हमारे राज्य का नाम घसीटा जा रहा है। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी इस मामले में सुरक्षा व्यवस्था में खामियां स्वीकार की हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि किसी स्वतंत्र एजेंसी से पूरी तरह से जांच हो।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस सुरक्षा चूक मुद्दे पर सदन में मुखर रहे विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। ममता को नई दिल्ली में 19 दिसंबर को विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग लेना है और 20 दिसंबर को प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना है। बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के भी आने की काफी संभावना है।



ललित झा के बिहार और झारखंड से संबंध थेः- ममता बनर्जी

## मप्र की कानून व्यवस्था से समझौता नहीं, मांस-मछली के लिए बाजार विकसित होंगेः मोहन यादव



प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग की जाएगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिये बेहतर निर्णय लिये जा सकेंः-डॉ.मोहन यादव

**बिलासपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव 2023 का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि एवं उप मुख्य मंत्री अरुण साव अति विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्य मंत्री बनने के बाद प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय में मुख्य मंत्री के आगमन को लेकर सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं छात्र -छात्राओं में काफी खुशी और उत्साह है ।प्रतिवर्ष की भांति सोमवार को विश्वविद्यालय में गुरु घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव 2023 मनाया जायेगा। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय स्थित गुरु घासीदास जी की प्रतिमा पर सुबह 11.00 बजे माल्यार्पण का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात, गुरु घासीदास जी की प्रतिमा स्थल से शोभा यात्रा प्रस्थान करेगी जो विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में प्रातः 11.45 पहुंचेगी। शोभायात्रा में प्रतिमा स्थल से सभागार तक पंथी नृत्य का भी आयोजन होगा। शोभायात्रा में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक,कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे ।तत्पश्चात, रजत जयंती सभागार के मुख्य कक्ष में गुरु घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव 2023 कार्यक्रम का प्रारंभ अपराह्न 12 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय एवं अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्य मंत्री अरुण साव तथा विशिष्ट अतिथि ए.टी.ई.क्यू. इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ. विलियम पेंटर होंगे। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा संपादित पुस्तक गुरु घासीदास सतनाम पंथ के प्रवर्तक का विमोचन मुख्य मंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया जाएगा। इससे पूर्व मुख्य मंत्री विश्वविद्यालय स्थित गुरू घासीदास जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।



# ई-केवाईसी प्रक्रिया के लिए लोगों की लगी कतारें

## सस्ते सिलेंडर पाने लोगों के मन में जगी आस

**बिलासपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जनता की आस नए सरकार से बढ़ती नजर आ रही है. दरअसल, विधानसभ चुनाव से पहले बीजेपी ने छत्तीसगढ़ में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था. इसके बाद कंपनियों ने ई केवाईसी प्रक्रिया शुरू कर दी है. हालांकि कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें इस प्रक्रिया के बारे में पता भी नहीं है. बिलासपुर में ईकेवाईसी के लिए गैस कनेक्शनधारी को एजेंसी जाकर ईकेवाईसी की प्रक्रिया करने के लिए अंगूठे का निशान लगाना पड़ रहा है।

### गैस सिलेंडर के लिए ई-केवाईसी

ई-केवाईसी के लिए गैस कार्ड और आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ने पर, जिनके नाम पर गैस कनेक्शन है, उन्हें ई केवाईसी कराकर अंगूठे का निशान लगाना पड़ रहा है. बिलासपुर में इसके लिए गैस एजेंसियों के सामने उपभोक्ताओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई है. उपभोक्ता लाइन लगाकर ई केवाईसी करा रहे हैं. इससे उन्हें फिलहाल परेशानी तो हो रही है लेकिन भविष्य में उन्हें इसका लाभ भी मिलेगा।



### उपभोक्ताओं के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य

दरअसल, छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों ने सस्ता रसोई गैस देने का वादा किया था. अब राज्य में भाजपा की सरकार बन गई है. ऐसे में सस्ता गैस सिलेंडर मिलने की आस आम लोगों में बढ़ गई है. शासन के पूर्व निर्देश के अनुसार सभी गैस कंपनियां उपभोक्ताओं से ई केवाईसी कराना अनिवार्य कर दी है. यही कारण है कि सस्ती गैस लेने के नाम पर आम उपभोक्ता गैस एजेंसियों के सामने लाइन लगाकर ई केवाईसी करा रहा है. यदि गैस उपभोक्ता ई केवाईसी नहीं कराया है तो उन्हें घरेलू गैस से वंचित होना पड़ेगा. यही कारण है कि उपभोक्ताओं के लिए ई केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है.

# फसल बीमा रथ को जिला पंचायत सीईओ ने दिखाई हरी झंडी

**बिलासपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर अजय अग्रवाल के द्वारा रबी फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर बिलासपुर जिला के चारों विकासखण्डों में प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम बिलासपुर सुभाष राज, उप संचालक कृषि पी. डी. हथेश्वर, बीमा कम्पनी के जिला प्रभारी अवनिन्द्र सिंह, तहसीलदार अतुल वैष्णव, कृषि विभाग एवं बीमा कम्पनी के अधिकारी/कर्मचारी तथा किसान उपस्थित थे। उपस्थित किसानों को सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत हेलमेट प्रदाय किया गया।






### रबी सीजन के लिए 31 दिसंबर तक होगा फसल बीमा

फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 योजना के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथ 31 दिसंबर 2023 निर्धारित की गई है। योजना में गेहूं सिंचित एवं असिंचित, चना, अलसी, सरसों इत्यादि फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को विपरीत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा आवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारंभ किया गया है। जो ऋ्णी कृषक इस योजना में शामिल नही होना चाहते उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी विकल्प चयन (आउटपुट) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र रबी के लिए 24 दिसंबर 2023 तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा चालू मौसम के लिए स्वीकृत, नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋ्ण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जावेगा। साथ ही कृषको को अपना आधार रबी के लिए अंतिम तिथि में अथवा उससे पूर्व अपडेट कराना होगा।

### अऋणी किसान को देने होंगे दस्तावेज

फसल लगाने वाले सभी अरिणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउन्ट नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक के पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रणाम पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर एवं बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानो के लिए फसल साझा कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### बीमा के लिए प्रीमियम राशि निर्धारित

गेहूं सिंचित हेतु बीमत राशि (प्रति हेक्टेयर) 26 हजार रूपए, प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 1.50 प्रतिशत की दर से 390 रूपए है। गेहूं असिंचित हेतु बीमित राशि 23 हजार रूपए प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 1.50 प्रतिशत की दर से 345 रूपए है। चना बीमित राशि 31 हजार रूपए प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 1.50 प्रतिशत की दर से 465 रूपए है। अलसी बीमित राशि 18 हजार रूपए प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 1.50 प्रतिशत की दर से 270 रूपए है। एवं सरसों हेतु बीमित राशि 21 हजार रूपए प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 1.50 प्रतिशत की दर से 315 रूपए है। कृषकों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि 24 दिसंबर 2023 के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेज कृषि कार्यालय एवं संबंधित बैंक में जमा कराया जाना अनिवार्य है।

# गूगल से सर्च कर सरिया खरीदने के फेर में ठेकेदार ने गंवाए 8.56 लाख

## महाराष्ट्र की फर्म के मोबाइल धारक के विरुद्ध थाना में दर्ज कराया एफआईआर




**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन में ठेकेदारी करने वाले ठेकेदार को गूगल से सरिया खरीदने की कंपनी सर्च कर ऑर्डर देना और इसके एवज में भुगतान करना महंगा पड़ा। साढ़े 8 लाख रुपए से अधिक की रकम देने के बाद अब न तो कंपनी का पता चल रहा है और न डील करने वाले का। उसके विरुद्ध सिविल लाइन थाना में अपराध दर्ज करा दिया गया है।

जानकारी के अनुसार एनआर इंटरप्राईजेस पोड़ीबहार के संचालक व ठेकेदार नागेन्द्र कुमार सिंह को जिले में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनाने का ठेका मिला है। इसके लिए उसे 17 टन सरिया की आवश्यकता थी। नागेन्द्र ने इसके लिए गूगल में जाकर सर्च किया एनआर स्टील कार्पोरेशन कंपनी 9/10 सीता विहार एलबीएस मार्ग दामिनी स्टेट, ठाणे वेस्ट मुंबई, मोनं-6295104593 का पता चला। उक्त नंबर के आधार पर नागेन्द्र ने अपने मोबाइल से संपर्क किया। बात करने वाले ने अपना नाम संदीप बताया। 17 टन सरिया आपूर्ति की डील होने के बाद कंपनी का कोटेशन 28-29 नवंबर को व्हाट्सअप के जरिए नागेन्द्र को प्राप्त हुआ। सरिया खरीदने के एवज में एनआर इंटरप्राईजेस के खाता से 29 नवंबर को 5 लाख 15 हजार रुपए एनआर स्टील कार्पोरेशन के खाता में ट्रांसफर कराया, 30 नवंबर को 3 लाख 41 हजार 765 रुपए आरटीजीएस से भुगतान किया। इसके बाद 1 दिसंबर को सरिया सप्लाई के लिए जब नागेन्द्र ने फोन किया तो मोबाइल नंबर बंद बताया। यह नंबर आज तक बंद ही है। अपने साथ धोखाधड़ी का अंदेशा होने पर नागेन्द्र ने सिविल लाइन थाना में 17 टन टीमएमटी सरिया के एवज में 8 लाख 56 हजार 765 रुपए की ठगी करने वाले मोबाइल धारक संदीप के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया। धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# एसईसीएल ने कहा- बाधा उत्पन्न न करें अन्यथा किसी प्रकार का सहयोग करना संभव नहीं होगा

**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की गेवरा परियोजना में 19 दिसंबर से किए जाने वाले अनिश्चितकालीन आंदोलन की सूचना देने के बाद इसके जवाब में जो पत्र भू-विस्थापित संगठन को दिया गया, उसे लेकर न सिर्फ आक्रोश बढ़ा है बल्कि यह सवाल भी उठा है कि आखिर प्रबंधन किस तरह का सहयोग दे रहा है? इसके बाद 19 दिसंबर से आंदोलन की सूचना प्रबंधन को पुनः दी गई है।

### भू-विस्थापित संगठन का कल से गेवरा में अनिश्चितकालीन आंदोलन

ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप द्वारा गेवरा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक को एक पत्र सौंपकर गेवरा एवं सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों में भू-विस्थापित व खदान प्रभावित बेरोजगारों को नियोजित करने की मांग से अवगत कराया गया। कंपनियों के साथ वार्ता में बार-बार सिर्फ आश्वासन ही मिलने और रोजगार उपलब्ध कराने में भेदभाव से त्रस्त होकर कहा गया कि प्रभावितों को चालक, हेल्पर, सुपरवाईजर आदि पदों में भर्ती कराना सुनिश्चित करें अन्यथा संगठन 19 दिसंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन, ओबी और कोयला परिवहन वाहनों को रोकने व खदान के कार्य को बाधित करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी कंपनी व एसईसीएल प्रबंधन की होगी।




### कैसा सहयोग, स्पष्ट करे प्रबंधन

इधर प्रबंधन के इस पत्र के बाद श्री कुलदीप ने कहा है कि संगठन को केवल वार्ता और आश्वासन ही मांग के संबंध में दिया जा रहा है। वास्तविकता यही है कि भू-विस्थापित और प्रत्यक्ष प्रभावित बेरोजगारों को रोजगार से वंचित रखा गया है। उन्होंने यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि हमें (व्यक्तिगत अथवा सांगठनिक) किस तरह का सहयोग प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही पूर्व सूचना अनुसार 19 दिसंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन की मजबूरी भी बता दी गई है।

### प्रबंधन का यह तर्क

इस पत्र के जवाब में गेवरा क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर (भू-राजस्व) के द्वारा श्री कुलदीप को अवगत कराया गया कि जिन खातेदारों को रोजगार की पात्रता नहीं बनती है, उनके आश्रित युवाओं को वैकल्पिक रोजगार कार्यकुशलता के अनुरूप रिक्त स्थानों के आधार पर ठेका कार्यों में उपलब्ध कराया जा रहा है व 12-13 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है तथा आगे भी जारी रहेगी। परियोजना का विस्तार कार्य लगातार जारी है, जिसके कारण भविष्य में अधिकाधिक रोजगार का अवसर मिलता रहेगा। प्रबंधन द्वारा कहा गया कि मांग के संबंध में लिखित जानकारी के साथ ही कई दौर की बैठक कर निराकरण के संबंध में नियमों के दायरे में प्रबंधन द्वारा पहल की जा चुकी है और आगे भी की जाएगी। बावजूद इसके समय-समय पर इसी मांग को लेकर खदान के कार्य में बाधा उत्पन्न किया जाता रहा है। अपील की गई है कि भविष्य में इस तरह से सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न न करें अन्यथा एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आपको किसी भी प्रकार का सहयोग किया जाना संभव नहीं हो पाएगा।

## सार-संक्षेप

### खेत में चल रहा था जुआ, पटवारी सहित 11 जुआड़ी पकड़ाए

**कोरबा-बांकीमोंगरा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर खेत में सार्वजनिक तौर पर खेले जा रहे जुआ के दो अलग-अलग फड़ पर दबिश दी। पुलिस की छापामार कार्रवाई से जुआड़ियों में हड़कंप मची रही। कुल 11 लोगों पर अपराध दर्ज किया गया है जिनमें एक आरोपी राजस्व विभाग का पटवारी बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ एएसआई कृपाशंकर दुबे ने स्टाफ के साथ ग्राम गजरा में एक खेत में चल रहे जुआ पर दबिश दी। यहां पुलिस को देख कुछ जुआरी भाग निकले जबकि कुछ पकड़ में आए। पकड़े गये जुआड़ियों में ब्रजेश सूर्यवंशी पिता भागवत प्रसाद 29 वर्ष निवासी एलसीएच/02 कटईनार, जितेन्द्र कुमार पाटले पिता लच्छन म.नं 232 कटईनार, हेमंत कुमार साहू पिता स्व. संतोष मोंगरा बस्ती, दिलीप कुमार सतनामी पिता मालिकराम बनवारी साइड, विनय सिंह पिता जगेश्वर प्रसाद साहू जंगल साईड के पास से कुल 8930 रुपए नगद एवं 52 पत्ती ताश, मोटरसायकल क्रमांक-सीजी 11एपी5829 को जप्त किया गया। इसी तरह गजरा में ही एक अन्य फड़ से रामलाल पटेल पिता प्रीतम लाल शांतिनगर उड़िया मोहल्ला, जीतू कुमार पिता लखनसिंह लोहार निवासी पुराना थाना के बगल, राजेश कुमार सिंह पिता सुदामा सिंह राजपूत मनोरंजन मंदिर के पास, विजय कुमार सतनामी पिता स्व. अजीत राम शांतिनगर, शंभू गौड़ा पिता सोमनाथ बांकी कालोनी, सदन धीवर पिता जेठूराम कुदरीपारा के पास से कुल 11 हजार 270 रुपए, ताश एवं मोटरसायकल क्रमांक-सीजी 12 बीएच 7275 को जप्त किया गया है। दोनों मामलों में सभी आरोपियों के विरुद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम वर्ष-2022 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मजदूर के घर से बर्तन व जेवरात की चोरी

**कोरबा-बालकोनगर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। अज्ञात चोरों ने बालको प्लांट के मजदूर के घर से ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है। पड़ोसी के माध्यम से उसे इस चोरी का पता चला। पीड़ित मिथुन लाल गबेल निवासी बेलगड़ी नाला उड़िया मोहल्ला बालको प्लांट में मजदूरी करता है। 14 दिसंबर को दोपहर 3 बजे घर में ताला बंद कर पारिवारिक काम से परिवार सहित ग्राम तिउर गया था। 16 दिसंबर को सुबह 8 बजे पड़ोसी दुबराज ने फोन कर घर का ताला टूटे हुए होने की जानकारी दी। इसके बाद मिथुन घर वापस लौटा। उसने पाया कि दो कमरे का ताला व आलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, कांसा के बर्तन समेत कुल 48 हजार रुपए की चोरी हो चुकी थी। मिथुन की रिपोर्ट पर बालको पुलिस ने धारा 380, 457 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### एनडीआरएफ ने कैमिकल डिजास्टर से बचाव का किया मॉक ड्रिल

**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में एनडीआरएफ मंडली कटक उड़ीसा के टीम द्वारा एनटीपीसी कोरबा में जैविक, रेडियो लॉजिकल एवं न्यूक्लियर से संबंधित कैमिकल डिजास्टर का मॉक ड्रिल किया गया। एनडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा मॉक ड्रिल में कैमिकल दुर्घटना से बचने की विस्तृत जानकारी देते हुए अपनाई जाने वाली उपायों के बारे में बताया गया। इस दौरान जिला सेनानी पीबी सिदार सहित सीएसईबी, एनटीपीसी, बालको, एसईसीएल की रेस्क्यू टीम ने भाग लिया।

### सचिव संघ के विजय ब्लाक अध्यक्ष, गनपत सचिव

कोरबा, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। पंचायत सचिव संघ कोरबा के जिलाध्यक्ष धरम भारद्वाज, जिला सचिव जितेन्द्र जायसवाल की देखरेख में कोरबा ब्लॉक सचिव संघ का चुनाव हुआ। ब्लाक के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार अग्रवाल व सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश भास्कर ने निर्वाचन संपन्न कराया। निर्धारित अंतिम समय तक नामांकन न आने के कारण मनोनयन कर कोरबा ब्लॉक से सचिव संघ के अध्यक्ष विजय कुमार एक्का, उपाध्यक्ष ममता सोनी, उपाध्यक्ष धन सिंह, सचिव गनपत सिंह कंवर, कोषाध्यक्ष राजकुमार किस्पोट्टा को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संतलाल कैवर्त व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### पहाड़ी कोरवाओं को संवेदना संस्था ने बांटे कंबल

**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। संवेदना परिवार ने बताती से आगे ग्राम गेरांव के पास पहाड़ी कोरबा से मिलकर उनका हालचाल जाना। संस्था के सदस्यों ने ठंड के मौसम के मद्देनजर पहाड़ी कोरवाओं को शॉल और कम्बल का वितरण किया। इसके अलावा दैनिक जीवन के उपयोगी सामानों का भी वितरण किया। इस दौरान पल्लवी मिश्रा, नीलम, शोभा, जितेंद्र सारथी, दीपक कश्यप का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। अखिलेश्वर उपाध्याय के द्वारा शॉल दिया गया एवं भोला यादव ने भी सहयोग दिया। संवेदना संस्था के अध्यक्ष श्रीजीत नायर और सुनील वर्मा, नीलम, देवा बंजारे, दीपक कश्यप, प्रवीण और गेरांव गांव के कोटवार एवं ग्रामीण का सहयोग प्राप्त हुआ।

# विकसित भारत संकल्प यात्राः शिविरों में योजनाओं की मिल रही जानकारी

**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने तक पहुँच रही है। इसी कड़ी में आज शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 25 मुड़ापार और दुरपा के वार्ड 54 सहित ग्रामीण क्षेत्र के मदनपुर, कुटेलामुड़ा,रामपुर-तानाखार में शिविर लगाया गया। शिविर में पीएम आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, उज्वला योजना, उजाला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ लाभ से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। इससे पूर्व संकल्प यात्रा के वाहन के पहुचने पर स्वागत किया गया। शिविर में पहुंची श्रीमती अनुप्रिया, मनोहर राव ने बताया कि वे पीएम आवास के लिए आवेदन करने आए हैं, यहां अन्य योजनाओं की जानकारी मिली है। खाद्य विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्वला योजना अंतर्गत 134 नए कनेक्शन और 28 का केवाईसी आवेदन लिया गया है। शिविर स्थल पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### आज यहां लगेंगे शिविर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 18 दिसंबर को कोरबा जनपद के ग्राम उरगा में 1 बजे से, पताढ़ी में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोड़ा में 1 बजे से, ग्राम कोनकोना में 2 बजे से, कटघोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह में 11 बजे से, ग्राम अरदा में 2 बजे से, जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम कोटमेर में 1 बजे से, करतला में 2 बजे से और पाली जनपद अंतर्गत ग्राम नानबांका में 9 बजे से, बड़ेबांका में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है। नगर पालिक निगम अंतर्गत 18 दिसम्बर को वार्ड 51 प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दर्री में प्रातः 1 बजे से दोपहर 2 बजे एवं वार्ड क्र. 67 गजरा मैदान बांकीमोंगरा में दोपहर 2.3 बजे से सायं 6.3 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे।

### ग्राम रामपुर में संकल्प यात्रा वैन किया स्वागत



**कोरबा-पोड़ीउपरोड़ा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत रामपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंची जिसका स्वागत ग्रामवासियों जोर-शोर से किया। केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ग्रामवासी लिए और लाभान्वित हितग्राहियों से मेरी कहानी, मेरी जुबानी का मौके पर वीडियो लिया गया। किसी भी योजना के लाभान्वित होने हेतु छूट गए पात्र हितग्राहियों का मौके पर आवेदन लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रामकुमारी कंवर,जनप्रतिनिधिगण, सीईओ पोड़ी उपरोड़ा खगेश निर्मलकर, बीईओ अशोक चंद्राकर, क्लस्टर समन्वयक एसबीएम जीवन लाल यादव के द्वारा किया गया।

## जानवर को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराया, मौत

**कोरबा-कटघोरा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। सड़क पर बैठे जानवर से बचने-बचाने के चक्कर में मोटरसायकल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम तुमान शिव मंदिर के पास निवासरत भारत मुर्गी की दुकान चलाता है। 16 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे उसका 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार सिदार सोल्ड बजाज पल्सर मोटरसायकल एन-160 को लेकर किसी काम से कटघोरा जाने निकला था। शाम 7:30 बजे वह कटघोरा से वापस घर लौट रहा था कि ग्राम बिंझरा-चंदनपुर के मध्य पुल के आगे बीच सड़क पर बैठे जानवर को बचाने के चक्कर में मोटरसायकल अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकरायी। हादसे में सूरज के सीना व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी। इसकी सूचना ग्राम चंदनपुर के लोगों से मोबाइल पर पिता भारत को मिली। वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा लेकिन तब तक डायल-112 की टीम उसे अस्पताल ले जा चुकी थी। अस्पताल जाने पर घटना की जानकारी उसे सूरज से मिली। उसके पैर व सीने में गंभीर चोट आई थी। सरकारी अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा नहीं होने से हरिकृष्ण हॉस्पिटल कटघोरा में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रात 11:40 बजे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामले में कटघोरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम बाद परिजनों के सुपुर्द करने की कार्रवाई की।

## आंकलन शिविर में दिव्यांग बच्चे किए गए लाभान्वित

**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक सौरभ कुमार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए आंकलन एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन बीआरसी अंधरी कछार में किया गया। कुल 65 दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड द्वारा 14 बच्चों का दिव्यंगता प्रमाण पत्र व 10 दिव्यांग बच्चों का यूआईडी कार्ड बनाया गया। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जी दीवान, सिकलसेल डॉ. जीएस यात्रा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरूणिता सिसोदिया, श्रवण रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. संजय तिवारी, कृत्रिम प्रत्यारोपण हेतु डा. जीना उपस्थित रहे। पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। जिला मिशन समन्वयक मनोज पांडेय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल, विकासखंड समन्वयक अनिल रात्रे, जावेद अख्तर बी आर पी, ज्वाला सुश्री, सुलोचना जायसवाल, लेखापाल रेनू व बीआरसी स्टाफ का भी सहयोग रहा।



## गुरूघासीदास जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा, मुख्य समारोह आज

### सतनाम प्रांगण में होगी पूजा-अर्चना, पंथी नृत्य प्रतियोगिता

**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास की 267वीं जयंती समारोहपूर्वक कोरबा जिले में मनाई जा रही है। दो दिवसीय इस आयोजन की कड़ी में रविवार को सीतामणी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कल 18 दिसंबर गुरूपर्व के दिन प्रातः 11 बजे से चौका पूजा आरती का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर से पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। समिति द्वारा एक पंथी नृत्य को चयन कर प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए भेजा जाएगा।

कोरबा सतनामी कल्याण समिति के द्वारा सीतामणी से सतनाम प्रांगण टीपी नगर तक गुरू के संदेश मनखे-मनखे एक समान का संदेश को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे, सहसचिव सत्येन्द्र डहरिया, शोभायात्रा के प्रभारी त्रिवेन्द्र आदिले और मनोज मनहर के नेतृत्व में सीतामणी स्थित जैतखाम की पूजा-अर्चना के पश्चात दोपहर 2 बजे निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर जीएल बंजारे, आरपी खाण्डे,नारायण कुर्रे, आरडी भारद्वाज, डॉ. जेके लहरे, श्रीमती सुनीता पाटले, पुष्कर आदिले, डॉ. गोपाल कुर्रे, केपी पाटले, यशवंत जोगी, मनीराम जांगड़े, रवि खूंटे, मनोज मनहर, संतदास दिवाकर, कीर्तन लाल डहरिया, विनोद टंडन, विद्याचरण बघेल, विजय दिवाकर, अनिकेत पाटले, विनोद डहरिया, दादूलाल मनहर, नरेन्द्र कुमार रात्रे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



**जैतखाम रहा आकर्षण का केन्द्र**

शोभायात्रा में कवर्धा जिले से आये अखाड़ा दल के लोगों सहित समाज के लोगों के द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में डीजे व धुमाल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत पंथी गीतों की धुन के बीच राताखार पंथी पार्टी के द्वारा पॉम मॉल के पास पंथी की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात सतनाम प्रांगण स्थित जैतखाम में शाम 6 बजे गुरू की भव्य महा आरती की गई। आकर्षक झांकी में श्वेत ध्वज लहराते हुए कुतुबमीनार से भी ऊंचे जैतखाम का प्रतिरूप शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सुरक्षित पारा-सुरक्षित लईका मन, चलाया गया ग्राम संपर्क अभियान

### यूनिसेफ व रासेयो का संयुक्त अभियान

**कोरबा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय योजना के संयुक्त तत्वाधान में कमला नेहरू महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा पाली विकासखंड के ग्राम मुक्ता,कोरबी-धतूरा तथा बम्हनीकोना आदि गांवों में सुरक्षित पारा-सुरक्षित लईका मन थीम को लेकर ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया।



रासेयो के जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में रासेयो के ब्लू ब्रिगेड सदस्यों ने ग्राम मुक्ता के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को पीटी, परेड, मार्शल आर्ट, बाल शिक्षा, बाल अधिकार तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छंद वातावरण में जीवन शिक्षण कौशल की सीख दी। कोरबी-धतूरा स्कूल के प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा, प्रधानपाठक रविशंकर श्रीवास के नेतृत्व में बचपन पढ़ेगा देश बढ़ेगा, बेटा-बेटी एक समान तभी बनेगा देश महान आदि नारों का वाचन करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा हाई स्कूल के बच्चों के साथ को लेकर विशाल रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण में सुरक्षित बचपन, कुपोषण, बाल विवाह, घरेलू हिंसा तथा बाल अधिकार कानूनों की जानकारी देते हुए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। ग्राम बम्हनीकोना मिडिल स्कूल परिसर में कितने भाई कितने, रूमाल झपट्टा आदि खेल खिलाकर बच्चों को गुड टच बैड टच, परिवार के लोगों के द्वारा नशीले पदार्थों का सेवन से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, पौष्टिक भोजन, व्यायाम आदि पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक तथा नारों का वाचन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। वाय के तिवारी ने अभिभावकों व शिक्षकों को बचपन से जोड़ने और उदात्त भाव रखने प्रेरित किया। कार्यक्रम में यूनिसेफ राज्य मुख्यालय के अधिकारी दुर्गा शंकर नायक, डेनियल सिल्वा,प्रथमेश कुमार तथा शासकीय उच्चतर महाविद्यालय कोरबी धतूरा के कार्यक्रम अधिकारी राजू कुमार सारथी विशेष रूप से उपस्थित थे।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुक्ता के शिक्षक गण आर एस सूर्यवंशी,दीपमाला नायक, पुनिया यादव, कोरबी धतूरा के लोकपाल सिंह, राजेंद्र सारथी, इंद्र कुमार कौशिक, बम्हनी कोना के रामलाल साहू, झामलाल साहू, सुरेश कुमार जोशी, धनंजय शर्मा, महेंद्र कुमार लहरे एवं स्टाफ, ग्राम बम्हनी कोना के सुखमत बाई, सुकृत बाई, अनिता पोर्ते, चमरू राम, पवन सिंह, भुनेश्वर सिंह, कार्यक्रम अधिकारी जीएम श्रीवास, वरिष्ठ स्वयंसेवक मनीष चंद्र, सन्नी राव जगताप, चमन पटेल, देवांश कुमार, सविता यादव, आकांक्षा श्रीवास,कबीर अली आदि का भी सक्रिय योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने के दिए निर्देश

**अम्बिकापुर** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने आमजनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी और जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को चौक-चौराहों तथा विभिन्न आबादी वाले स्थलों पर आवश्यकतानुसार अलाव जलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान गिर रहा है जिसके चलते शीतलहर का प्रकोप जारी है और आने वाले दिनों में इसमें और अधिक गिरावट होने की आशंका जताई जा रही है। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने नगरी निकाय, ग्राम पंचायत, बड़े कसबे और आबादी वाले स्थान जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था तत्काल की जाएगी उन्होंने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से लगातार तापमान गिरता जा रहा है। जिले में इस तरह की स्थिति को देखते हुए अलाव जलाकर ठंड से बचें। लकड़ी की खपत को कम करने के लिए गोबर से बने उपले और गोबर लकड़ी का इस्तेमाल करें। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि ठंड से बचने के लिए पूरे कपड़े पहने और अलाव का उपयोग करें। इस बदलते मौसम में थोड़ी सावधानी बरतें अपने व परिजनों की सेहत का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य का खास तौर पर खयाल रखने की सलाह दी है।

### आज से सभी विकासखंडों के निर्धारित पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा वैन

**अम्बिकापुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिले में शुरुआत हो चुकी है। 18 दिसंबर से हर जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायतों में वैन पहुंचेगी। जिससे लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही वंचित हितग्राहियों का पंजीयन कर तुरंत योजना से जोड़ा जाएगा और योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जायेगा।

आगामी शिविर 18 दिसम्बर को विकासखंड अंबिकापुर के मेन्ड्राकला के ग्राम पंचायत केशवपुर, हर्राटिकरा, थोर, लब्जी तथा 19 दिसम्बर को बकिरमा, कोल्डिहा, बांकीपुर में आयोजित होगी। 18 दिसम्बर को विकासखंड लखनपुर के केवरा के ग्राम पंचायत केवरा, टपरकेला, केवरी, जुनाडीह, बंधा में तथा 19 दिसम्बर को कुंवरपुर, लोसंगा, बेलदगी आयोजित होंगे। इसी प्रकार 18 दिसम्बर को विकासखंड लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत पटोरा, बरडीह, जमीरा में तथा 19 दिसम्बर को बरकोल,सखौली आयोजित होंगे।इसी प्रकार 18 दिसम्बर को विकासखंड बतौली के ग्राम पंचायत गहिला, देवरी में तथा 19 दिसम्बर को बेलकोटा, झरगवां में आयोजित होंगे। 18 दिसम्बर को विकासखंड उदयपुर के ग्राम पंचायत सानिबर्रा, लक्ष्मणगढ़, सायर, भकुरमा में तथा 19 दिसम्बर को कुमडेवा, बुले में आयोजित होंगे।

### बेलबहरा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में तीन लोगों ने सुनाई अपनी कहानी

**मनेन्द्रगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। सर्व प्रथम कृषक खुल सिंह ग्राम सिरौली निवासी ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से पहला किस्त 26 हजार रूपये प्राप्त किया। उससे मिले पैसे से उन्नत बीज एवं खाद में उपयोग किया। जिससे उसकी आय में वृद्धि हुआ है। उन्होंने अपने खेत के पास एक ट्यूबवेल खुदवाया। जिससे कृषि करने में उनको आसानी हो रही है। इस योजना के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का तहे दिल शुक्रिया अदा करता हूँ। इसके बाद श्रीमती सुशीला ने अपन अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि मैं घर-घर जाकर काम करती थी। मैं आजीविका गतितिधि जुड़ी और काम करन चालू किया। मेरा पहला बैंक लिंकेज काम हुआ, उससे मैंने 7 हजार लेकर सेंट्रिंग प्लेट का काम किया। उसका काम पूरा करने के बाद मैंने दूसरा लोन लिया। उससे मैंने मटेरियल सप्लाई का काम किया। उसको पूरा करने के बाद तीसरा लोन लिया। जिससे मैंने 6 लाख रुपये का ट्रेक्टर लिया है। उन्होंने सभी दीदीयों का सहयोग के आभार व्यक्त किया। आजीविका मीशन से जुड़कर अच्छा आय अर्जित कर रही है। जिससे वह अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में शिक्षा दिला पा रही है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। इसके बाद मोहन राम यादव ग्राम शंकरगढ़ निवासी ने बताया कि भारत सरकार के मृदा परीक्षण योजना अन्तर्गत अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराया। जिससे मैं अपने खेतों सीमित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करता हूँ। खाद और बीज भी सीमित मात्रा में ही डालता हूँ। जिससे मेरी फसल का उत्पादन अच्छी प्रकार से होता है। सभी किसान भाईयों से मेरा अनुरोध है कि आप लोग भी इस योजना के तहत अपने खेत की मिट्टी परीक्षण कराकर सीमित मात्रा में उर्वरक, खाद और बीज का उपयोग करें। जिससे आपकी फसल बढ़िया हो तथा मिट्टी की उपजाऊपन बनी रहे। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे एक जन-जन तक पहुंचने वाला कार्यक्रम कहा। इसके माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलेगा इसके लिए उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

### जनहितैषी योजनाओं से लोगों को किया जाएगा लाभान्वित

**बलरामपुर** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र की जनहित और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन करने आज वर्चुअल रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत विभिन्न राज्यों से जुड़े लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद भी किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे। जिले से वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती राधा सिंह देव, अन्य जनप्रतिनिधीगण, कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, वनमंडलाधिकारी श्री विवेकानन्द झा, पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह, बड़ी संख्या में आम नागरिक सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण मौजुद रहे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को अब विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जायेगा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए, वृहद् स्तर पर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं से लाभन्वित करना है। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आरागाही ग्राम पचायत में आमजनता द्वारा बड़े ही भव्य तरीके से कर्मा नृत्य और ढोलक की ताल पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात समूह की दीदियों व स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत का गायन किया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मेरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत लाभार्थियों द्वारा अनुभव भी साझा किए गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती राधा सिंह देव द्वारा आयुषमान कार्ड का वितरण किया गया इसके साथ ही मुख्य अतिथि सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त कैलेंडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया जिसमे बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करते हुए यात्रा से जोड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर कर जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा दैनिक जीवन में आवश्यक सुधार करते हुए स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के निर्णय से चेहरे में आई मुस्कान

## आपसी मतभेद हुआ दूर, स्वस्थ सम्बन्ध बनाए रखने की ली शपथ

**कोरिया** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। नेक नीति, पारदर्शी निर्णय और सुगम न्याय हर कोई की चाहत होती है! भारतीय जनमानस में न्याय प्रक्रिया को लेकर अलग-अलग विचार है।

बैकुंठपुर-कोरिया में राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वाधान में तथा बैकुंठपुर-कोरिया के जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में बैकुण्ठपुर, तालुका चिरमिरी, मनेंद्रगढ़, जनकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर को किया गया था।

विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री धुर्वे ने बताया कि सभी न्यायालय से ऐसे प्रकरणों जो राजीनामा योग्य है, दोनों पक्षकारों को बुलवाकर उनसे बात किया गया, जो पक्षकार आपसी सहमति से अपने प्रकरण को समाप्त करने के लिए तैयार हुए उनका प्रकरण आपसी राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया।

श्री धुर्वे ने यह भी बताया कि, नेशनल लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य जो राजीनामा योग्य प्रकरण है उसे राजीनामा के आधार पर निराकृत करने का प्रयास किया गया ताकि उनके मध्य जो द्वेष है वह समाप्त हो सके और लोग आपसी प्रेम से एक-दूसरे से मिलकर रहें।



### पारिवारिक विवाद सुलझा

बैकुण्ठपुर थाना के ग्राम हर्रापारा में दूसरे जाति-समाज के बहू होने के कारण आए दिन से बहू-सास- ससुर के मध्य विवाद होते थे। बहू ने थाना में अपने सास-ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला जब नेशनल लोक अदालत में पहुंची और समझाइश के बाद के बहु तथा सास-ससुर के मध्य आपसी राजीनामा हुआ और गुस्से को बाहर करते हुए सभी परिवार हंसते हुए घर लौटे।

### जमीन विवाद बना मारपीट का कारण

पटना थाना के अन्तर्गत ग्राम मोरमा में एक ही परिवार के दो पक्षों के मध्य जमीन विवाद को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्ष आपस में मारपीट हुए थे और एक-दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराये थे। नेशनल लोक अदालत में आपसी समझाइश देने पर कि आपराधिक प्रकरण से जमीन संबंधी मामले का निराकरण नहीं होगा, उभय पक्ष ने एक दूसरे के विरुद्ध लंबित प्रकरण को राजीनामा के माध्यम से समाप्त करने का निर्णय लिया।

### मुझे माफ करना दोस्त

चरचा थाना के पंडोपारा में करीब तीन साल पहले दो दोस्तों में शराब पीने-पिलाने की मामूली बात से विवाद बढ़कर गाली- गलौज और मारपीट हुआ था। इस बात को लेकर एक दोस्त ने रिपोर्ट दर्ज कराया था। नेशनल लोक अदालत में दोनों दोस्तों ने राजीनामा किया, आपस में गले मिले और आगे इस तरह विवाद न करने का संकल्प भी लिया! दोनों ने एक दूसरे से कहा मुझे माफ करना दोस्त!

### शराबी पति ने किया था पत्नी का जीना दूभर शराब से दूर रहने का दिया पति ने भरोसा

शराब व नशे किस तरह हंसते-खेलते परिवार को बर्बाद कर देती है, यह आए दिन खबर पढ़ने, देखने, सुनने को मिल ही जाता है। इसी तरह राष्ट्रीय लोक अदालत में भी एक प्रकरण आया था। ग्राम- पतरापाली निवासी पति आए दिन शराब पीकर घर आते थे, मना करने पर पत्नी से मारपीट करते थे। इससे दुखी होकर पत्नी ने अपने पति के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब यह प्रकरण लोक अदालत में आया तो पति ने दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की बात कही और भविष्य में शराब से दूर और पत्नी के साथ सहयोग व प्रेम से रहने की बात कही।इस तरह आपसी राजीनामा कर प्रकरण वापस लिया और टूटते रिश्ते सम्भल गया और दोनों पति-पत्नी में मुस्कराते घर लौटे।

### महिलाओं ने कहा अब अच्छे पड़ोसी बनकर रहेंगे

*थाना बैकुंठपुर के गाँव सलबा में दो पड़ोसियों के मध्य विद्युत तार को काटने के संबंध में विवाद होने पर रिपोर्ट दर्ज हुआ था। उभय पक्ष ने लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर प्रकरण समाप्त कराया।*

*एक अन्य प्रकरण में थाना-पटना के सरनापारा में मिट्टी का भिट्का बनाने के संबंध में दो पड़ोसी महिलाओं में विवाद और मारपीट हुआ था। दोनों पक्षों में राजीनामा हुआ और दो पड़ोसियों ने आपस में शांतिपूर्वक रहने का निश्चय किया और कहा अब दोनों अच्छे पड़ोसी बनकर रहेंगे।*

*बता दें नेशनल लोक अदालत में कुल 8 हजार 564 प्रकरणों को सुनवाई में रखा गया था, जिनमे से कुल 7 हजार 72 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा कुल एक करोड़ 17 लाख रुपए से अधिक राशि वसूल की गई है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विनय कुमार प्रधान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विरेन्द्र सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्चना भास्कर, श्री राजेश खलखो एवं श्री अमन तिग्गा उपस्थित थे।*

## महापल्ली स्कूल के छात्रों को सुरक्षित यातायात के दिये टिप्स

**रायगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। यातायात जागरूकता के क्रम में कल यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायगढ़ के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के छात्र-छात्राओं का सुरक्षित यातायात नियम का क्लास लिया गया।

सुरक्षित एवं सुचारु यातायात दुर्घटना घटित होने के कारण एवं रोकथाम के उपाय को वीडियो क्लिप व सेल्फ डेमो के माध्यम से अवगत कराया गया छात्र-छात्राओं द्वारा उत्सुकता पूर्वक उपरोक्त क्रम को देखा गया। यातायात संकेत चिन्ह, ट्रेफिक सिग्नल लाइट, सड़क के प्रकार एवं मार्किंग, लाइसेंस की पात्रता संबंधी ज्ञान दिया गया एवं यातायात नियमों का प्रचार प्रसार किया गया।

यातायात नियम उल्लंघन पर मोटर व्हीकल एक्ट के संशोधित नवीन दंड एवं जुर्माना से भी अवगत कराते हुए नाबालिग द्वारा वाहन चालन न करने एवं अपने परिवार व परिचितों को यातायात नियम पालन करने व यातायात के प्रति जागरूक करने विनम्र अपील की गई।

यातायात जागरूकता क्लास में यातायात पुलिस रायगढ़ से निरीक्षक रोहित बंजारे प्रधान आरक्षक मुकेश चैहान प्रेम सिंह सिदार एवं आरक्षक गणपत कंवर की विशेष भूमिका रही।

## ग्राम पंचायत जगतपुर में पहुंची मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

**कोरिया** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। देशभर में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम पंचायत जगतपुर में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के पहुंचने पर ग्रामीणों ने आईईसी वैन का भव्य स्वागत किया। जिसके पश्चात सभी ने वैन में लगी एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। आयोजन में लगे विभिन्न कैंप के माध्यम से

शासन की योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास, प्रधानमंत्री पोषण, राजस्व विभाग, कृषि विकास विभाग तथा ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई और जरूरतमंद लोगों के आवेदन फार्म भरवाए गए। इसी कड़ी में आयुष्मान भारत के तहत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया तथा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत महतारी वंदन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के हितग्राहियों



ने अपना सुगम अनुभव सभी के साथ साझा किया। इसके साथ ही 'धरती करे पुकार' कार्यक्रम के अंतर्गत नाटक के माध्यम से जैविक खाद के लाभ के बारे में आम लोगों को जागरूक किया गया तथा रासायनिक खाद से होने वाली हानि से सभी को अवगत कराया गया। इस आयोजन में उपस्थित सभी को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने हेतु संकल्प दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री राधे श्याम मिरझा सहित ग्रामीणजन व अधिकारी

### कॉलरी क्षेत्र में लोहे के एंगल चोरी करते पकड़ाया चोर

**रायगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। गैस कटर से कालरी क्षेत्र में लोहे की एंगल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को दबोच कर रिमांड पर भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कल एस.ई.सी.एल. छाल के क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी रमेश दास महंत द्वारा थाना छाल में 14 दिसंबर की रात्रि छाल उपक्षेत्र में एसईसीएल के बंद पडे सीएचपी में एक व्यक्ति गैस कटर से लोहे के कल पुर्जो को काटते चोरी करते समय त्रिपुरा स्टेट रायफल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा पकड़े जाने के सबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना छाल में पकड़े गये आरोपी रवि चैहान पर धारा 379, 511 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर छाल पुलिस द्वारा आरोपी रवि चैहान पिता गंगाधर चैहान उम्र 39 साल निवासी बुधवार चैकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) को हिरासत में लिया गया जिससे 01 एलपीजी गैस सलेण्डर, 01 नग आक्सीजन सलेंण्डर, 01 नग गैस कटर पाईप जप्त किया गया है। आरोपी रवि चैहान को छाल पुलिस द्वारा आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## बंगुरसिया बंजारी मंदिर के पास हुआ हादसा



■ **ट्रैक्टर का ट्रॉली व इंजन अलग होकर पेड से टकराया**

**रायगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगुरसिया और बंजारी मंदिर के बीच भयानक हादसा हुआ हैं। डंपर के कट मारने पर ट्रैक्टर चालक ने बचाव करते हुए नियंत्रण खो दिया। जिससे ट्रैक्टर की ट्राली और इंजन अलग-अलग हो गया। ट्रॉली इंजन से अलग होकर रोड से नीचे उतरकर पेट में टकरा गई,तो वहीं इंजन करीबन 100 मीटर दूर जाकर पलट गया। हादसे में गनीमत की बात यह रही की चालक को गंभीर चोटे नहीं आई है।घटना 12 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेक्टर तमनार थाना क्षेत्र के जांजगीर निवासी अमल साय राठिया का बतलाया जा रहा हैं। वही चालक कन्हैया पटेल होना बताया जा रहा है। चश्मदिदों के मुताबिक चालक रायगढ़ की ओर से हमीरपुर तरफ जा रहा था, तभी सामने से आ रहे डंपर चालक ने कट मारा। जिससे बचाव करते हुए ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया, और ट्रैक्टर की ट्राली इंजन से अलग होकर पेड़ में टकरा गई,फिर ड्राइव सड़क पर छिटक गया। और इंजन दाहिने साइड जाकर झाड़ियों में पलट गया। इस घटना में चालक के नाक और पैर में चोट आई है, जिसे प्राथमिक उपचार हेतु बंगुरसियां अस्पताल राहगीरों के द्वारा ले जाया गया है।

## सरकारी राशन दुकान के कमरे पर सोसायटी संचालक ने जमाया कब्जा

### पार्षद सलीम नियारिया ने कलेक्टर से की शिकायत



**रायगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद सलीम नियारिया ने पूर्व में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान को कब्जे से मुक्त करने के लिये जिला कलेक्टर को लिखित आवेदन कर उक्त समस्या से निजात दिलाने निवेदन किया है। विदित हो कि वार्ड क्रमांक 17 में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान को संचालन हेतु 2 कमरा सेठ किरोड़ीमल ट्रस्ट के भवन को पूर्व में प्रदाय किया गया था, जिसमें राशन के अतिरिक्त खादी कपड़ा डाल तेल साबुन आदि घरेलू उपयोग से संबंधित सामग्री क्रय की जाती थी शासकीय उचित मूल्य की दुकान बंद होने के पश्चात उक्त दुकान का संचालन मार्केटिंग सोसायटी के द्वारा किया जाता रहा है मार्केटिंग सोसायटी के खिलाफ शिकायत होने के पश्चात उक्त दुकान को वार्ड क्रमांक 12 के संचालक के साथ मर्ज कर दी गई चूंकि भवन वार्ड क्रमांक 17 में स्थित है जिस पर अपनी पैतृक संपत्ति समझ कर मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है क्योंकि उक्त भवन ट्रस्ट के द्वारा प्रशासन को शासकीय उचित मूल्य की दुकान चलाने के लिए प्रदान किया गया था वर्तमान में दुकान का संचालन वार्ड क्रमांक 17 में ही किराए के मकान पर संचालित किया जा रहा है जहां दुकान है वह बहुत सकरी सड़क है ज्यादातर महिलाएं राशन लेने आती है यातायात की समस्या के साथ गाली गलौज लड़ाई झगड़ा तक की नौबत भी आ जाती है।

वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद सलीम नियारिया ने बताया कि राशन की दुकान मेरे घर के सामने है मैं तो समान लेता हूं वार्डवासी भी वहाँ आकर समान लेते है और मेरा उनसे भेंट मुलाकात हो जाता है कहा जाए तो एक लगाव बना हुआ है मैंने इस समस्या के लिये पहले भी दो कलेक्टर को निवेदन किया था पर कोई कार्यवाही नही हुई, अब वर्तमान जिला कलेक्टर से उम्मीद है कि इस बार राशन दुकान पुनर्स्थापित हो जाए और इस समस्या से निजात मिल जाये।

## लिटिल मिलेनियम प्री व अलास्क पब्लिक स्कूल में द्वितीय वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**मनेंद्रगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। लिटिल मिलेनियम प्री-स्कूल एवं अलास्क पब्लिक स्कूल में खेलों का उत्सव, जहाँ माता-पिता और बच्चों के साथ जीता जुनून मनेन्द्रगढ़ के प्रगति मैदान अमाखेरवा में 15 और 16 दिसंबर 2023 को हर्षोल्लास से गूंज उठा था. इस खेल दिवस ने ना सिर्फ नन्हे फूलों को, बल्कि उनके माता-पिता को भी खेल के मैदान में उतार दिया. दो दिनों तक चली इस खेल महिमा में हर कदम पर खुशियाँ, हंसी और उत्साह का रंग बिखेरा। छोटे-छोटे पैरों की दौड़, हवा में फड़फड़ाते रिबन, आत्मविश्वास से भरी आवाज़ों ने इस खेल दिवस को मात्र एक प्रतियोगिता से कहीं ऊपर उठा दिया।

पहले दिन, इस खेलगाथा में 15, 20, 25, 30 मीटर रेस, ऑब्सटिकल रेस, ग्रेप्स ईटिंग रेस, वाटर फिलिंग रेस इत्यादि रेस का आयोजन किया गया।

दूसरे दिन, राष्ट्रगान के साथ हुआ कार्यक्रम का आगाज बच्चों के उत्साह को और बढ़ा दिया.



इसके बाद रंगारंग डांस प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया. प्रतियोगिता के दौरान कूदती मेंढकों की दौड़ ने सबका मन मोह लिया. माता-पिता अपने बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़ते, हवा में उछलते, बाधाएं पार करते नज़र आए. हर चेहरे पर खेल भाव और जीत की ललक साफ झलक रही थी। हर बच्चे की कोशिश को सराहा गया, हर प्रयास को हौसला दिया गया. विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस खेल दिवस का श्रेय निसंदेह निर्देशक मो. फिरोज़ मंसूरी को जाता है, जिनके नेतृत्व और समर्पण ने इस आयोजन को सफल बनाया। उनकी सहायक टीम इलियास खान, शहाबुद्दीन अंसारी, निशि विश्वकर्मा, स्मृति गुप्ता, रोहिणी फारकासे, नेहा यादव, शबनम अंसारी, तेजस्विनी नामदेव, तस्लीम मंसूरी, रूपा केवट, पायल गजवानी, उमा तिवारी और शांति के सहयोग ने भी इस उत्सव को यादगार बनाया।

## सार-संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के परीक्षार्थियों को लेकर बस हुई रवाना



**सारंगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के आवेदकों के लिए भर्ती रैली स्थल जांजगीर तक पहुंचने के लिए नि:शुल्क वाहन सुविधा व्यवस्था की गई है। श्री पुरुषोत्तम स्वर्णकार सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, नगरपालिका सारंगढ़ के श्री रोशन यादव सहायक ग्रेड 2 के द्वारा सारंगढ़ से और श्री आदर्श तंबोली सहायक ग्रेड 3, अध्यापक एवं श्री तनिष जांगडे के द्वार बिलाईगढ़ में युवाओं को संपर्क और समन्वय कर युवाओं का बस रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली अंतर्गत अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती परीक्षा 15 दिसंबर से 23 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाईन खोखरा भांठा जांजगीर में आयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिए जनरल ड्यूटी हेतु परीक्षा 18 दिसंबर को और टेक्निकल-ट्रेडसमेन-क्लर्क भर्ती परीक्षा 20 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा आवेदकों के लिए आवास व्यवस्था की गई है।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के विशेष शिविर का विधायक उत्तरी ने किया शुभारंभ




**सारंगढ** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम उधरा में श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनिका विनोद भारद्वाज, अध्यक्षता श्रीमती संतोषी नरसिंग साहू सरपंच ग्राम पंचायत उधरा, संस्था प्रमुख सुदीप्त प्रधान, सहसराम साहू कार्यक्रम अधिकारी श्री राम महिला महाविद्यालय सारंगढ़ उधर गांव के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामई उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगढ़ महतारी के शैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गांव के गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। शिविरार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि द्वारा शिविर कार्यक्रम का स्वागत किया गया। श्रीमती अनिका विनोद भारद्वाज द्वारा विद्यार्थी जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाया। विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा बिंदु पर विशेष बल दिया गया व आज कार्यक्रम के दूसरे दिन गांव में स्वच्छता का वृहत कार्यक्रम चलाया गया जिसके नायकों को कार्यक्रम अधिकारी सहसराम साहू द्वारा डायरी व पेन से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार जांगड़े कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया।

### ब्लॉक डभरा सचिव संघ के अध्यक्ष चुने गए घसीयाराम सिदार


**डभरा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत डभरा के अंतर्गत सभी सचिवों द्वारा सचिव संघ की आवश्यक बैठक ग्राम पंचायत किरारी के समरसता भवन में रखा गया जिसमें सर्वसम्मति से सचिव संघ का ब्लॉक अध्यक्ष घसीयाराम सिदार को चुना गया।



नवनिर्वाचित सचिव संघ डभरा के अध्यक्ष घसियाराम सिदार ने चर्चा के दौरान बताया कि हमारी प्रमुख मांग शासन से निरंतर ज्ञापन के माध्यम से रहेगी एवं हमारे हित के बारे में सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए जाएंगे। सचिवों के हितो में कार्य करेंगे। वही उपाध्यक्ष हेमंत चंद्रा, सचिव तोमेश्वर प्रसाद चंद्रा, सह सचिव नंदकुमार सिदार एवं कोषाध्यक्ष रमेश साहू ,मीडिया प्रभारी प्रेम निषाद, सतीश कुमार प्रवक्ता श्यामलाल पटेल, प्रेमलाल पटेल संरक्षक छत्रपाल पटेल, नरहरि पटेल, जयनाथ पटेल, त्रिलोचन चंद्रा को पदाधिकारी बनाया गया है। जिसमें ब्लॉक सचिव संघ में कार्यकारी सदस्यों में महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दिया गया है प्रमुख रूप से श्रीमती आशा चंद्रा, शकुंतला भोई, अंजू महंत, कौशल्या पटेल, बुद्धेश्वरी जायसवाल, गीतिका पटेल, सुनीता पटेल को जवाबदारी दी गई है एवं सचिव चंद्रभागा महंत, तोरण सिदार, मिथिलेश मरावी एवं मार्गदर्शक मंडल में चक्रधर बंजारे, संतोष टंडन, दिलेश्वर पटेल उर्फ सुरजीत पटेल, उत्तर कुमार पटेल, लखपति सिदार को चुना गया है।

### उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 दिसम्बर तक करा सकेंगे किसान


**जांजगीर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर चांपा जिले के उद्यानिकी खेती करने वाले किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक (भू-धारक एवं बटाईदार) तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। कृषकों को बीमा कराने हेतु फसलों के अनुसार निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत् प्रीमियम कृषक अंश राशि के रूप में जमा करना होगा। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। सहायक संचालक श्रीमती मखीजा ने बताया कि निर्धारित सीमा में उद्यानिकी फसलों का बीमा स्वयं ऑनलाइन अथवा लोक सेवा केन्द्रों तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया के अधिकृत प्रतिनिधियों से भी बीमा करा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु उद्यान विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।



# 1075 उम्मीदवारों में 347 युवाओं ने की दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण

**अग्निवीर भर्ती के तीसरा दिन**

**जांजगीर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। अग्निवीर भर्ती के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के 04 जिलों कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव और गौरेला पेंड्रा मरवाही के कुल 1350 युवाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 1075 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। जिसमें 347 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की है। सेना भर्ती कार्यालय से राधे श्याम ने बताया कि दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन जांजगीर चांपा और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारुरूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है।




## कूट रचना कर दूसरे व्यक्ति के नाम से ले लिया चार लाख रुपए का लोन

**धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार**



**जांजगीर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। मोबाइल के माध्यम से दूसरे व्यक्ति के नाम से चार लाख रुपए का बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन निकाल कर अपने खाते में पैसा को ट्रांसफर कर आहरण करते हुए धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 420 भादवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि 16 दिसम्बर को प्रार्थी लहरी बरेठ उम्र 28 वर्ष खोखरा थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया की इसके पास बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन का किस्त नही पटाने के संबंध में फोन आया, तब प्रार्थी के द्वारा लोन नही लिए जाने पर बैंक में पता किया तो पता चला कि प्रार्थी के मोबाइल के माध्यम से उसके खाता से मनीष सिंह निवासी अंवरीद के द्वारा 4 लाख रु का लोन निकाल के अपने खाता में ट्रांसफर कर धोखाधड़ी किया है।

इसकी रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी मनीष सिंह निवासी अवरीद थाना नवागढ़ को उसके निवास से हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने प्रार्थी से धोखाधड़ी कर उसके खाते से चार लाख रुपए लोन निकाल कर अपने खाते में ट्रांसफर करना कबूल किया जिसे गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णो, उप निरीक्षक राजेश साहू एवं थाना जांजगीर स्टाफ का योगदान रहा।

### पैसे लेते वायरल वीडियो पर खरीदी केन्द्र प्रभारी निलंबित

**जांजगीर**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। खरीदी केन्द्र अमोरा के प्रभारी समिति प्रबंधक द्वारा कृषको से तौल परची काटते समय पैसे लेते हुए वायरल वीडीयो पर त्वरित संज्ञान लिया गया। मामले में सहकारिता विस्तार अधिकारी अकलतरा के प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया कृषको से धान खरीदी कार्य में पैसे लिये जाने की पुष्टि होने व उपरोक्त कृत्य से समिति के छबि धूमिल होने एवं समिति के सदस्यों के हितों के प्रतिकूल होने पर निलम्बन की कार्यवाही किये जाने की अनुसंशा की गई थी। इस पर संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर से प्राप्त अनुमति के आधार पर देवेन्द्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति अमोरा प.क. 1037 देवेन्द्र सिंह के विरूद्ध नियमानुसार निलंबन की कार्यवाही पूर्णकर इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करनें कहा गया है।

## 7 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। 07 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ चांपा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



चांपा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में 17 दिसम्बर को थाना चांपा पुलिस को सूचना मिला की थाना चांपा क्षेत्र के ग्राम तारपाड़ा सिवनी के आरोपी ज्योति लाल खैरवार अपने बाड़ी में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया तो जिसके कब्जे से हरे रंग के प्लास्टिक डिब्बा क्षमता 5 लीटर वाली में एक कच्ची महुआ शराब एवं 2 लीटर वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई 2 लीटर वाली कच्ची महुआ शराब करीबन 07 लीटर भरा बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आब.एक्ट कायम कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक डिकेश्वर साहू, गौरी संकर राय एवम थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**37** पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बलौदा पुलिस को मुखबिर सूचना मिला कि ठडगाबहरा का सत्यप्रकाश पाटले अपने चाय,अंडा दुकान में अवैध रूप से बडी मात्रा में देशी प्लेन शराब बिक्री करने हेतु कब्जे में रखा है। सूचना रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी सत्यप्रकाश के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 37 पाव देशी प्लेन शराब 18 एम.एल. वाली शीशी में भरी कुल 6.66 लीटर किमती 296 रुपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी सत्यप्रकाश पाटले उम्र 3 वर्ष साकिन ठडगाबहरा थाना बलौदा के विरुद्ध आबकारी एक्ट का अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उनि मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी बलौदा, प्रेआरे जगदीश अजय, गजाधर पाटनवार, आर. संतोष रात्रे, श्याम राठौर, रूपेश डहरिया, देवराज लसार का सराहनीय योगदान रहा।



## बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। अपने को बैक का कर्मचारी बताकर किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर ठगी कर लाखो रुपया वसूली करने वाले आरोपी को बम्हनीडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया

है। आरोपी के विरूद्ध धारा 420,34 भादवी के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामले पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हीराराम केवट निवासी सोठी 16 दिसम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपी अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताते हुए अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 10,000 एवं नगदी 10,000 कुल 20,000 रूपया लिया है। और आईडी नहीं दिलाने पर आरोपी निर्मल चंद्रा के संबंध मे पता करने पर पता चला की आरोपी बैंक का कर्मचारी नहीं है। आरोपी द्वारा प्रार्थी के अन्य साथियो से भी आईडी दिलाने के नाम पर पैसा लिया है। इसकी रिपोर्ट पर धारा 420,34 भादवी कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी




निर्मल चंद्रा को निवास से हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कुल 1,08,839 रूपया लेना बताया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पातासाजी जारी है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक माणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी बम्हनीडीह सउनि बीरेंद्र सिंह एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## 6 वाहनों पर कार्यवाही, लिया गया 9,800 रु समन शुल्क



**जांजगीर**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही में विभिन्न धाराओं के तहत कुल 36 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 9,800 रु समन शुल्क लिया गया।

वाहन की चेकिंग के दौरान 05 वाहन चालकों के द्वारा मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करने पर वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 130 (3), 177 मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 16.12.23 को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग-अलग धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नही करने एवं मो. सायकल में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने हेतु समझाईस दी जा रही है।

## त्रिपुरा राइफल्स के जवानों के साथ हुई मारपीट के मामले में अब तक नहीं हुआ एफआईआर

**पीडित जवान एसपी से मिलकर करेंगे शिकायत**

**रायगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। छाल खदान में हुई जवानों के साथ मारपीट की घटना को लेकर छाल थाना में एफआईआर दर्ज नही किया जा रहा है जिसको लेकर आज त्रिपुरा रायफल के जवान रायगढ़ एसपी आफिस जाकर शिकायत करने की तैयारी में है।

शुक्रवार दोपहर 1 बजे लोकल ट्रांसपोटरों द्वारा कोयला की अफरा तफरी के लिए बाईपास मार्ग बनाया गया था जिसकी शिकायत एसईसीएल प्रबंधन द्वारा छाल थाने में लिखित और मौखिक कई दफा शिकायत की पर उनकी ओर से एक बार भी मार्ग को बंद कराने का पहल नही किया गया और बंद करते भी कैसे इन्हे आशीष भी मिल रहा था जिसे त्रिपुरा रायफल द्वारा बंद करवाया जा रहा था जिससे लोकल ट्रांसपोटरो के सहमति से ग्रामीणों और महिलाओं को विवाद के लिए खदान भेजा गया जिसके बाद ट्रांसपोटरो के गुर्गों द्वारा पीछे से पथराव किया गया।

जवानों पत्थर बाजी होते ही महिलाओं ने जवानों को लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दिए जवानों द्वारा महिलाओं को मारते देख पीछे हो गए जिसके बाद जवानों द्वारा अपने आत्मरक्षा के लिए हवाई फायरिंग किया गया, जैसे ही मामले की जानकारी प्रशासन को हुई मौके पर छाल पुलिस और खरसिया एसडीओपी घटना स्थल की ओर रवाना होकर मोर्चा संभाला हमले में दो जवानों के सिर पर गंभीर चोट आई जिसे ग्रामीणों द्वारा अस्पताल ले जाने नही दिया जा रहा था बहुत कोशिश के बाद उन्हें छाल स्वास्थ केंद्र लाया गया वही जब एसईसीएल और त्रिपुरा रायफल के जवानों द्वारा छाल थाना में शिकायत दर्ज कराने गया तो वहां लोकल ट्रांसपोटरों द्वारा एफआईआर ना करने के लिए प्रशासनिक दबाव बनाया गया अब देखना यह है की क्या छाल खदान में हुए घटना पर 16 दिसंबर विजय दिवस के दिन न्याय मिलता है की नही। क्या एफआईआर दर्ज होगी हमलावरों पर। ऐसे में पीड़ित जवान इस मामले को लेकर एसपी से मिलने की तैयारी कर रहे हैं।

## चक्रधर नगर से लापता बालिका झारखंड के सिमडेगा में मिली

**रायगढ़** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। गुम बालिका की खोजबीन में लगी चक्रधर नगर पुलिस को बालिका के झारखंड के सिमडेगा में होनें की सूचना मिलने पर पुलिस ने झारखंड जाकर गुम बालिका को बरामद करते हुए उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा बालक बालिकाओं के गुमशुदगी से संबंधित धारा 363 आईपीसी के मामलों की समीक्षा में जांच पर असंतोष जाहिर करते हुए समस्त थाना चैकी प्रभारियों को इन प्रकरणों में लगातार विवेचना, पतासाजी कर अधिक से अधिक गुम बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने के निर्देश दिए गए हैं, निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर द्वारा धारा 363 आईपीसी के लंबित अपराधों की केस डायरी की समीक्षा कर विवेचकों से प्रगति रिपोर्ट ली गई जिसमें 24 नवंबर को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र से लापता हुई किशोर बालिका के मामले में जांच दौरान जानकारी मिली कि गुम बालिका द्वारा किसी अंजान नंबर से कॉल कर उसके घर वालों को झारखंड में होना बताई थी, जिसके बाद वह मोबाइल नंबर बंद था।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा उक्त नंबर का पूरा डिटेल निकलवाकर सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी के नेतृत्व में टीम तैयार कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर गुम बालिका पतासाजी के लिये पुलिस टीम झारखंड रवाना किया गया। टीम द्वारा बालिका की पतासाजी करते हुये झारखंड के जिला सिमडेगा पहुंची। जहां थाना पाकरटांड गांव में गुम बालिका मिली। बालिका से पूछताछ करने पर बताई कि उसके माता-पिता आए दिन घर में झगड़ा विवाद करते थे, घरेलू झगड़ा विवाद से परेशान होकर अपने परिचित के घर सिमडेगा आ गई थी।

चक्रधरनगर पुलिस द्वारा बालिका का काउंसलिंग कराकर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, सउनि नंद कुमार सारथी, प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, आरक्षक विनोज लकड़ा और महिला आरक्षक एलिसा टोप्पो की गुम बालिका की पतासाजी में विशेष भूमिका रही है।

## सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के प्रथम दिवस नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन 3 से

**जांजगीर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के प्रथम दिवस नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन 23 दिसंबर को किया जा रहा है। कैम्प में सभी बिमारियों की जांच, उपचार एवं परामर्श के साथ नये स्मार्ट कार्ड बनाये जाएंगे। इसमें 200 से अधिक डॉक्टर विभिन्न बिमारियों का नि:शुल्क जांच एवं उपचार करेंगे।

सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के प्रथम दिवस 23 दिसंबर को सूर्यांश मेगा मैडिकल कैम्प एवं कृत्रिम अंगदान एवं कैलिपर मापन शिविर का आयोजन प्रात: नौ बजे से सूर्यांश विद्यापीठ, सूर्यांश प्रांगण, गौरव ग्राम सिवनी में किया गया है, जिसमें दिल्ली, रायपुर और




अन्य महानगरों के कैंसर सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ एवं अन्य वरिष्ठ एवं अनुभवी विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा कैंसर रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, किडनी रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों का चिकित्सकीय परीक्षण, प्राथमिक उपचार एवं उचित सलाह के साथ समुचित दवाओं का वितरण सहित नियमित उपचार हेतु परामर्श देगें। इस स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक के तौर पर दिल्ली एम्स एवं अमृता अस्पताल रायपुर के कैंसर सर्जन विशेषज्ञ डॉ. भरत भूषण खुर्से, डॉ. पुष्पेंद्र पटेल के साथ करूणा श्री केंसर अस्पताल के डॉ. नीलम लदेर एवं डॉ. प्रशान्त कसेर, डॉ. भूपेंद्र कुमार पटेल रोगियों का परीक्षण कर उपचार करेंगे।स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. चंद्रकला गढ़ेवाल, डॉ. संध्या गढ़ेवाल, डॉ. पुष्पा खरसन, डॉ. मीनू खुर्से, डॉ. ज्योति प्रभाकर के साथ जीवांश अस्पताल कटघोरा के डॉ. सिलेश्वरी कंवर बनर्जी स्त्री एवं प्रसूति रोगों का परीक्षण एवं उपचार करेंगे। सामान्य बिमारियों के लिए जनरल फिजिशियन डॉ. प्रहलाद गढ़ेवाल, डॉ. अनिल जगत, डॉ. संजय खरसन, एम्स रायपुर के डॉ. अनिल लटियार, डॉ.आलोक मंगलम, डॉ. अनिल बनर्जी, डॉ. रमेश सूर्यवंशी, डॉ. हेमशिखा ताम्ब्रे, डॉ. शहबाज खाण्डा चिकित्सा शिविर में उपलब्ध रहेंगे। प्लास्टिक सर्जन के तौर पर डॉ. गुलाब प्रधान, डॉ. गजेंद्र वैष्णव एवं डॉ. मनोज जोगी परामर्श देंगे। हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राजेश वस्त्रकार व डॉ. प्रफुल्ल चौहान अस्थि से संबंधित बिमारियों का उपचार करेंगे।

# देश विदेश

## लीबिया में नाव दुर्घटना में 60 से अधिक प्रवासी डूबे

**त्रिपोली।** लीबिया के तट पर एक जहाज़ दुर्घटना में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 61 प्रवासी डूब गए हैं। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने रविवार को यह जानकारी दी। संगठन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, लीबिया के पास एक दुखद जहाज दुर्घटना के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 61 प्रवासी डूब गए। बयान में कहा गया है कि नाव लगभग 86 लोगों को लेकर लीबिया से रवाना हुई थी।

# फ्रांस का गाजा में युद्धविराम का आह्वान

**पेरिस,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस भी अब इजरायल-गाजा युद्ध में तत्काल स्थायी युद्धविराम के पक्ष वालों देशों की सूची में शामिल हो गया है।

समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार देश की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने कहा कि पेरिस क्षेत्र की स्थिति पर 'बेहद चिंतित' है। तेल अवीव में अपने इजरायली समकक्ष एली कोहेन से मुलाकात के बाद सुश्री कोलोना ने कहा, बहुत सारे नागरिक मारे जा रहे हैं। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि हमास के सात अक्टूबर के हमले के पीड़ितों को भी नहीं भूलना चाहिए। फ्रांस के विदेश मंत्रालय का कहना है कि इजरायली हमले में उसके एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। मंत्रालय ने इजरायल से उस हवाई हमले के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है जिसमें कई अन्य नागरिकों के साथ फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के एक कर्मचारी की मौत हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा गया कि राफा में हड़ताल के दौरान घायल होने के कारण कर्मचारी की मौत हो गई। वह दो अन्य सहकर्मियों और उनके परिवारों के कई सदस्यों



विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने कहा, पेरिस क्षेत्र की स्थिति पर 'बेहद चिंतित'

के साथ फ्रांसीसी महावाणिज्य दूतावास में अपने एक सहकर्मी के घर पर था। मंत्रालय के अनुसार बुधवार को उस घर पर इजरायली ने बम बरसाये जिसमें उसका नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गया और कई अन्य की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय ने कहा, फ्रांस एक आवासीय इमारत पर हुये हमले की निंदा करता है जिसमें कई अन्य नागरिक मारे गए। मंत्रालय ने कहा, हम इजरायली अधिकारियों से इस बमबारी की परिस्थितियों पर शीघ्र अति शीघ्र स्पष्टिकरण चाहते हैं इससे पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शनिवार को बंधकों के रिश्तेदारों के विरोध का सामना करना पड़ा , जिन्होंने सेना द्वारा गाजा में तीन बंदियों को गलती से मारने की बात स्वीकार करने के बाद उनकी स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए तत्काल समझौते की मांग की। उन्होंने अपने तीन बंधकों की मौत के बारे में संवाददाताओं से कहा, गहरे दुख के साथ मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अपहृत की वापसी और हमारे दुश्मनों पर जीत हासिल करने के लिए सैन्य दबाव आवश्यक है। दूसरी तरफ हमास ने टेलीग्राम पर कहा, जब तक हमारे लोगों के खिलाफ आक्रामकता पूरी तरह से बंद नहीं हो जाती तब तक हम कैदियों की अदला-बदली के लिए किसी भी बातचीत के खिलाफ है।

## डब्ल्यूएचओ ने शिफा अस्पताल में चिकित्सा सहायता पहुंचाई

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक टीम ने गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल शिफा में चिकित्सा सहायता पहुंचाई है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने रविवार को यह जानकारी दी। श्री घेब्रेयसस ने एक्स पर कहा, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की एक डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाली टीम आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति देने और प्राथमिकता वाली स्वास्थ्य आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए आज अल-शिफा पहुंची। उन्होंने कहा कि ये अस्पताल इस समय सीमित आघात स्थिरीकरण और कुछ डायलिसिस सहायता प्रदान करने में सक्षम है। यहां सर्जरी अभी संभव नहीं है। श्री घेब्रेयसस ने कहा, अस्पताल में रक्त चढ़ाने के लिए कोई रक्त नहीं है और रोगियों के निरंतर देखभाल के लिए शायद ही कोई कर्मचारी है। उन्होंने बताया कि इस समय, गाजा पट्टी में 36 में से केवल आठ अस्पताल ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं।

## अमीर के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए कुवैत जाएंगे पुरी

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी भारत सरकार और लोगों की ओर से कुवैत राज्य के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के प्रति संवेदना जताने के लिए 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कुवैत का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार और भारत के लोग 16 दिसंबर 2023 को कुवैत राज्य के अमीर महामहिम शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इसमें कहा गया, भारत सरकार ने दिवंगत नेता के सम्मान में 17 दिसंबर को पूरे देश में राजकीय शोक की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, पुरी सरकार और भारत के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त करने के लिए 17 दिसंबर को प्रधान मंत्री के विशेष दूत के रूप में कुवैत का



भारत शोक में कुवैत के नेतृत्व व लोगों के साथ एकजुट

दौरा करेंगे। इसमें यह भी कहा गया कि पुरी भारत के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की ओर से नए अमीर महामहिम शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा को व्यक्तिगत संवेदना पत्र सौंपेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन से कुवैत ने एक दूरदर्शी नेता खो दिया है जो देश को प्रगति और समृद्धि की ओर ले गया। दिवंगत अमीर के नेतृत्व में भारत और कुवैत ने घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे। वह दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मार्गदर्शन और मजबूत करने में दृढ़ थे। इसमें कहा गया है कि कुवैत में बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय उनकी दयालुता को याद करेगा।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 18 दिसम्बर , 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 6**

### राशिफल

मेष - आज दोस्तों के साथ आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दोस्तों से भेंट उपहार मिलेंगे। आप भी दोस्तों पर अनावश्यक खर्च करेंगे। नई दोस्ती के कारण भविष्य में लाभ भी हो सकता है। संतान से भी लाभ होगा।

वृषभ - आज का दिन नौकरी करने वालों के लिए शुभ है। नए काम का आयोजन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। अधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। पदोन्नति के योग बन रहे हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता आएगी।

मिथुन - किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। शरीर में थकान और आलस्य रहने से किसी भी काम में आपका मन नहीं लगेगा। पेट संबंधी किसी रोग से परेशान हो सकते हैं।

कर्क - आप का दिन प्रतिकूलताओं से भरा प्रतीत होता है। आज किसी नए काम का आरंभ ना करें। किसी बीमारी के इलाज की शुरुआत ना ही करें। क्रोध से दूर रहें। काम और चोरी जैसे अनैतिक विचारों से आपकी मानहानि हो सकती है।

सिंह - आज का दिन मध्यम फलदायी है। दांपत्यजीवन में किसी बात पर रूठने-मनाने का दौर रहेगा। व्यापार में भी पार्टनर के साथ मनमुटाव हो सकता है। आप का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या - आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा। मन भी प्रसन्न रहेगा। सुख के प्रसंग बनेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की परिस्थिति में सुधार आएगा।

तुला - आज आप का दिन सुखपूर्वक गुजरेगा। बौद्धिक चर्चाओं में दिन गुजरने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति से कोई बड़ा काम आसानी से कर पाएंगे। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करें, क्योंकि किसी बात को लेकर मन चिंताग्रस्त रहेगा। कुंटुंब या परिवार में किसी से वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य के विषय में चिंता रहेगी। धनहानि एवं यशहानि हो सकती है।

धनु - आज आप ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में खूब रुचि लेंगे। भाई-बहनों के साथ आप का व्यवहार अच्छा रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

मकर - आज आप शेयर मार्केट में आज अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। किसी बड़े निवेश में भी आपकी रुचि रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है।

कुंभ - आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्साहित रहेंगे। आर्थिक रूप से दिन लाभदायी है। कुटुंबजनों एवं मित्रों के साथ बाहर कहीं घूमने जा सकते हैं। आध्यात्मिकता में आपकी रुचि रहेगी।

मीन - आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी और एकाग्र नहीं रह पाएंगे। धार्मिक कामों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ऊ. कोरियाई लोगों पर प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव का रूस ने किया अनुपालन

**मॉस्को,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस ने उत्तर कोरियाई श्रमिकों को काम पर रखने पर रोक लगाने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव का अनुपालन किया है और प्योंगयांग के खिलाफ अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं किया है।

रूसी विदेश मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय संगठन विभाग के निदेशक प्योत्र इलिचेव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, यूएनएसी के स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार सभी देशों को 22 दिसंबर, 2019 तक उत्तर कोरिया के उन नागरिकों को वापस लाने का आदेश दिया गया था, जिन्होंने उनके अधिकार क्षेत्र में काम किया था और आय प्राप्त की थी। रूस में अधिकांश उत्तर कोरियाई श्रमिक तब रूस छोड़ गए थे। राजनयिक ने स्पष्ट किया कि कुछ उत्तर कोरियाई लोगों को विभिन्न कारणों से कुछ समय के लिए रूस में रहना पड़ा, लेकिन चूंकि उन्होंने रूसी अधिकार क्षेत्र में आय प्राप्त करना बंद कर दिया इसलिए मॉस्को मानता है कि उसके दायित्व पूरे हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रूस संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के संपर्क में है जो उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंधों के संभावित उल्लंघन की निगरानी कर रहे हैं जिससे यह साबित हो सके कि रूस संयुक्त राष्ट्र के किसी भी प्रस्ताव का उल्लंघन नहीं करता है।

## अमेरिका ने हमलों को लेकर उत्तर कोरिया को दी चेतावनी

**वाशिंगटन,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने उत्तर कोरिया को चेतावनी दोहराते हुए कहा है कि अमेरिका पर किसी भी परमाणु हमले का परिणाम किम शासन का अंत होगा। बीबीसी के अनुसार अमेरिकी प्रशासन की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। अमेरिकी-दक्षिण कोरियाई परमाणु सलाहकार समूह के एक संयुक्त बयान में यह भी पुष्टि की गई कि दक्षिण कोरिया पर प्योंगयांग के किसी भी परमाणु हमले का तीव्र, जबरदस्त और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अप्रैल में इसी तरह की, कड़े शब्दों में चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि उत्तर कोरिया के किसी भी



परमाणु हमले से उसका अंत हो जाएगा। पांच महीने पहले, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका या उसके सहयोगियों के खिलाफ उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी परमाणु हमले का मतलब किम शासन का अंत होगा। उत्तर कोरिया ने पिछले साल खुद को अपरिवर्तनीय परमाणु शक्ति घोषित किया था और उसने बार-बार कहा है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को कभी नहीं छोड़ेगा, जिसे शासन अपने अस्तित्व के लिए आवश्यक मानता है।


### रूसी हमले को लेकर बाइडेन की टिप्पणी 'बकवास': पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि नाटो देशों पर मॉस्को की संभावित हमले के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की टिप्पणी बकवास है और यह बात वह (श्री बाइडेन) स्वयं भी समझते हैं। श्री पुतिन ने रोसिया 1 रिपोर्टर पावेल जरुबिन से कहा, यह बकवास है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति बाइडेन को भी इसका एहसास है। यह रूस पर उनकी गलत नीति को सही ठहराने उनका अपना तरीका है। रूस नाटो देशों के साथ संबंध विकसित करने में रुचि रखता है और इन संबंधों को खराब नहीं करना चाहता है।

## गडकरी आईआईएसएसएम के 33वें वैश्विक कॉन्क्लेव का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 18 दिसंबर को फरीदाबाद में तीन दिवसीय सुरक्षा और बचाव अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। राजधानी में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष आर के सिन्हा ने इस सप्ताह संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री गडकरी इसके मुख्य अतिथि होंगे। आईआईएसएसएम का 33वें वार्षिक वैश्विक कॉन्क्लेव 18 से 20 दिसंबर 2023 तक होगा। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम आपदा जलवायु परिवर्तन, सुरक्षाव्यवसाय नेतृत्व, नवाचार और भवन लचीलापन निर्माण है। इस मौके पर केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह और केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, जी20 के शेरपा अमिताभ कांत, पूर्व केंद्रीय मंत्री के. जे. अल्फोंस, एनडीएमए के सदस्य डॉ.



■ 20 दिसम्बर तक तक चलेगा कॉन्क्लेव

कृष्णा वत्स और केंद्र सरकार के विशेष सचिव प्रताप हेबलीकर शामिल होंगे। इस दौरान, आपदा एवं जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं और उद्योग, शिक्षा व राजनीति जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। आईआईएसएसएम के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष आर के सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। सुरक्षा एजेंसियों को समय-समय पर नई तकनीक से खुद को अपग्रेड करते रहना चाहिए और निजी सुरक्षा क्षेत्र के लोगों को प्रशिक्षण की सख्त ज़रूरत है।

## लाल सागर में युद्धपोत भेज सकता है जर्मनी

**बर्लिन,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। जर्मनी हाउती हमलों से व्यापारिक जहाजों को बचाने के लिए लाल सागर में हेसन फ्रिगेट भेजने पर विचार कर रहा है।

जर्मन अखबार बिल्ड ने की रिपोर्ट के मुताबिक युद्धपोत साल की शुरुआत में लाल सागर की ओर रवाना हो सकता है। वहीं फ्रांसीसी शिपिंग और लॉजिस्टिक्स कंपनी सीएमए सीजीएम ने लाल सागर में कंटेनर परिवहन पर रोक लगाने का फैसला किया है।

इससे पहले शनिवार को बुंडेस्टाग रक्षा समिति के प्रमुख, मैरी-एग्नेस स्ट्रैक-ज़िम्मरमैन ने कथित तौर पर सुझाव दिया था कि जर्मन की नौसेना जर्मन कंपनी के एक जहाज पर हाल ही में हुए हमले की पृष्ठभूमि के हाउती के खिलाफ लाल सागर में समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा में सहभगिता करें। जर्मन अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग कंपनी हापाग-लॉयड से संबंधित लाइबेरिया के झंडे वाला मालवाहक जहाज अल जसराह, लाल सागर में विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन द्वारा नियंत्रित यमन के हिस्से से लॉन्च किए गए एक प्रोजेक्टाइल से टकरा गया था। हमले के कारण डेक पर आग लग गई और एक कंटेनर पानी में गिर गया, हालांकि चालक दल के किसी सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है।

## आज का इतिहास

1271- मंगोल शासक कुबलई खान ने अपने साम्राज्य का नाम युआन रखा और यहीं से मंगोलिया और चीन में युआन वंश की शुरुआत हुई।
1398- तैमूर ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया ।
1777- अमेरिका में पहली बार नेशनल थैंक्स गिविंग डे मनाया गया ।
1787- अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी तीसरा राज्य बना।
1799- अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन के पार्थिव शरीर को माउंट वर्नान में दफनाया गया।
1833- रूस का राष्ट्रीय गान %गॉड सेव द जार% पहली बार गाया गया।
1839- अमेरिका के जॉन ड्रेपर ने पहली बार किसी आकाशीय पिंड (चंद्रमा) की तस्वीर उतारी।
1849- विलियम बांड ने टेलीस्कोप के जरिये चांद की पहली फोटोग्राफ ली थी।
1878- अल-थानी परिवार कतर पर शासन करने वाला पहला परिवार बना।
1902- इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
1938- जर्मनी के वैज्ञानिक और रसायनशास्त्री ऑटोहैन द्वारा नाभकीय उर्जा के विश्लेषण से परमाणु युग का आरंभ हुआ।
1941- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापानी सेना हांगकांग पहुंची और आम नागरियों का कत्ल करना शुरू कर दिया था।
1955- उद्योगपति विजय माल्या का जन्म हुआ।
1960- राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन हुआ।
1969- इंगलैंड में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त कर दी गई।
1973- इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना हुई थी।
2005- कनाडा में गृह युद्ध की शुरुआत हुई थी।
2008- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ।
2014- सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 का सफल प्रक्षेपण हुआ।
2015- ब्रिटेन के कोयला खादान के लिंगले केलियरी को बंद किया गया ।


**आयोजन** अस्थिर पड़ौसी, म्यांमार में भी गृह युद्ध के हालात

# बांग्लादेश में चुनाव पूर्व हिंसा की स्थिति

**ढाका,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। सेना शासित म्यांमार में गृह युद्ध के बीच, हिंसक आंदोलन ने एक और पड़ोसी देश बांग्लादेश को अपनी चपेट में ले लिया है, जहां चुनाव आयोग द्वारा 15 नवंबर को संसदीय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद से देशव्यापी हलचल जारी है। 35 सीटों वाली (5 सीटें विशेष रूप से महिलाओं के लिए आरक्षित) बांग्लादेश संसद जिसे %जातीय संसद% के नाम से जाना जाता है, के लिए चुनाव 7 जनवरी को होंगे।

मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और अन्य समान विचारधारा वाली पार्टियां प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के इस्तीफे की मांग पर जोर देने के लिए रेल, सड़क और जलमार्ग अवरोधों के साथ-साथ मानव श्रृंखला बनाने सहित राष्ट्रव्यापी आंदोलन का नेतृत्व कर रही हैं। वे गैर-पक्षपातपूर्ण प्रशासन के तहत 12वां आम चुनाव कराने की मांग कर रही हैं। कुछ लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं जबकि बड़ी संख्या में सरकारी और निजी संपत्तियां नष्ट और जला दी गई हैं।

म्यांमार में जैसे ही गृहयुद्ध तेज हुआ, जुंटा नेता मिन आंग ह्लाइंग ने सत्तारूढ़ सेना के खिलाफ आक्रामक अभियान में शामिल सशस्त्र जातीय समूहों से अपनी समस्याओं को राजनीतिक रूप से



■ बांग्लादेश में 7 जनवरी को होने है चुनाव

हल करने का आह्वान किया। राज्य मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, जुंटा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि सशस्त्र समूह नहीं सुधरे, तो उनके क्षेत्रों के निवासियों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। जुंटा की आधिकारिक वेबसाइट कहती है, इसलिए, लोगों के जीवन पर विचार करना महत्वपूर्ण है, और उन संगठनों को अपने अवज्ञाकारी कदमों को छोड़कर, राजनीतिक रूप से अपनी समस्याओं को हल करने की आवश्यकता है। जुंटा को चीन, भारत और थाईलैंड के साथ सीमाओं के पास समन्वित हमलों का सामना करना पड़ रहा है और विश्लेषकों के अनुसार, जो म्यांमार की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, फरवरी 2021 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से यह सैन्य शासन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। नया आक्रमण, जिसका कोडनेम ऑपरेशन-1027 है, 27 अक्टूबर को थ्री ब्रदरहुड एलायंस, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी (एमएनडीएए), ता%आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) और अराकान आर्मी (एए) के एक समूह के तहत चीन के साथ सीमा के पास शान राज्य में शुरू हुआ। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, लड़ाई के कारण 200,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 250 नागरिक मारे गए हैं।

## सुडोकू 6409


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 8 | | 3 | 2 | | |
| 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 8 | |
| 7 | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | | | 9 |
| 6 | 1 | 8 | | | | 4 | 5 | 2 |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | 3 | 5 | 6 | | 8 |
| | 3 | | | 6 | 8 | | 2 | 1 |
| | | 1 | 2 | | 9 | 3 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6409



**बायें से दायें:-**

१. जीवन का अवलंब या सहारा
३. हलचल, घबराहट, उथल-पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर, दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटंब
९. माथा, मस्तक
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन, (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप में होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. तरू

### वर्ग पहेली-6408

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | वं | च | ना | | | भि | त्ति | चि | त्र |
| भा | | टु | | आ | कां | क्षा | | ते | |
| वि | चै | ला | | म | | ट | क | रा | व |
| त | | ल | | द | र्श | न | | | च |
| | आ | स | वा | नी | | | प्र | धा | न |
| | द | | स | | ब | ढ़ि | या | | ब |
| नि | र | स | न | | धि | | स | मृ | द्ध |
| र | | ह | | स | र | स | | णा | |
| कु | मु | द | | व | | ब | द | ल | ना |
| रू | | य | क | ब | य | क | | | श |

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6409 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |

## दुनिया को जानें

### प्रवासन यूरोप के देशों के लिए सबसे बड़ा खतरा : सुनक

**लंदन,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ॠषि सुनक ने कहा है कि दुश्मन समाज को अस्थिर करने के लिए जानबूझकर लोगों को अपने तटों पर लाने के लिए प्रवासन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। द इवनिंग स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, अवैध आप्रवासन पर अपने सबसे मजबूत हमलों में से एक में, सुनक ने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो प्रवासियों की बढ़ती संख्या यूरोपीय देशों पर भारी पड़ सकती है। सुनक ने इटली में इतालवी रूढ़िवादियों और दक्षिणपंथियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आपराधिक गिरोह हमारी मानवता का शोषण करने के सबसे घृणित तरीके ढूंढते हैं और उन्हें नावों पर बिठाकर लोगों की जान जोखिम में डालने में कोई समस्या नहीं होती है। अगर हम इस समस्या से नहीं निपटते हैं, तो संख्या केवल बढ़ेगी। यह हमारे देशों और उन लोगों की मदद करने की हमारी क्षमता को प्रभावित करेगी जिन्हें वास्तव में हमारी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अवैध प्रवासन से निपटने के लिए वैश्विक शरणार्थी नियमों में बदलाव की आवश्यकता हो सकती है।

# खेल जगत

## रामकुमार पाकिस्तान में भारत की डेविस कप टीम का करेंगे नेतृत्व

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने छह सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें रामकुमार डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। मैच 3-4 फरवरी को इस्लामाबाद में पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ग्रास कोर्ट पर खेले जाएंगे। शनिवार को घोषित 6 सदस्यीय टीम में युकी भांबरी, रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, साकेत मिनेनी, निकी कालियांदा पूनाचा, दिग्विजय प्रताप सिंह शामिल हैं। इस्लामाबाद मुकाबले में टीम अनुभवी रोहन बोपन्ना के बिना होगी। 43 वर्षीय बोपन्ना ने अपने करियर का आखिरी डेविस कप सितंबर में मोरक्को के खिलाफ खेला था, जिसे भारत ने 4-1 से जीता था। एटीपी रैंकिंग में भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद को टीम में शामिल नहीं किया गया है।



# अर्शदीप, आवेश की घातक गेंदबाजी, दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

**जोहान्सबर्ग,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को खेले गए वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने एकतरफा जीत दर्ज की। 116 रनों पर मेजबान टीम को ढेर करने के बाद भारत ने दो विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाकर 16.4 ओवर में इस लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। भारत ने 200 गेंद शेष रहते आठ विकेट से मुकाबला अपने नाम किया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने 117 रनों का मामूली लक्ष्य रखा था। भारत के लिए साई सुदर्शन और श्रेयस अय्यर ने अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को एक आसान जीत दिलाई। ऋतुराज गायकवाड़ (5 रन) के रुप में शुरुआती झटके से उबरते हुए श्रेयस अय्यर और साई के बीच अहम साझेदारी हुई। अय्यर (52 रन) और साई (नाबाद 55 रन) ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। श्रेयस अय्यर 52 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें एंडिले फेलुक्वायो ने पवेलियन भेजा। फिर, तिलक वर्मा और साई ने विनिंग रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया था। कारण यह बताया गया कि यहां पर स्पिनरों को काफ़ी मदद मिल सकती है। हालांकि हुआ इसका उल्टा और भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों ने साउथ अफ्रीका बल्लेबाज़ों को काफ़ी परेशान किया। अर्शदीप और आवेश की धारदार गेंदबाज़ी के कारण मेज़बान टीम एक साधारण से स्कोर पर ऑलआउट हो गई । इसके बाद का सुदर्शन और श्रेयस की बेहतरीन पारियों ने दक्षिण अफ़्रीकी गेंदबाज़ों को वापसी करने का कोई मौक़ा नहीं दिया।



इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अफ्रीकी टीम को 27.3 ओवर में मात्र 116 रन पर ऑलआउट कर दिया था। भारत के लिए अर्शदीप ने 10 ओवर में महज 37 रन देकर सबसे ज्यादा 5 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं दूसरे छोर पर आवेश खान ने 8 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट लिए और कुलदीप यादव के खाते में एक विकेट आया।

दक्षिण अफ्रीका का हाल कुछ ऐसा रहा कि दिग्गजों से सजी टीम के तीन बल्लेबाज जोहान्सबर्ग में खाता भी नहीं खोल सकी। एंडिले फेलुक्वायो ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। टोनी डी जॉर्जी ने 28, एडन मार्करम ने 12 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। हेनरिक क्लासन 6, डेविड मिलर 2, केशव महाराज 4 और नांद्रे बर्गर 7 रन ही बना सके।

## ईशान किशन ने दक्षिण अफीका टेस्ट सीरीज से नाम लिया वापस

**मुंबई।** विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने अनुरोध किया है। बीसीसीआई ने किशन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। यह खबर बीसीसीआई की चिकित्सक दल द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद मोहम्मद शमी को टेस्ट सीरीज से बाहर किए जाने के बाद आई है। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने किशन के स्थान पर केएस भरत का चयन किया है। भारत इस समय दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है और वह 26 दिसंबर से दो मैच की टेस्ट सीरीज खेलेगा। पहला टेस्ट सेंचुरियन में होगा वहीं दूसरा टेस्ट केपटाउन में तीन से सात जनवरी 224 के बीच खेला जाएगा। ईशान किशन के नाम वापस लेने के बाद टेस्ट के लिए भारत की टीम इस प्रकार है.- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा और केएस भरत (विकेटकीपर)

# साल्ट के नाबाद शतक और हैरी की शानदार पारी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया




**सेंट जॉर्ज** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज को ग्रेनेडा के सेंट जॉर्ज नेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में सात विकेट से हरा दिया है।

हालांकि वेस्टइंडीज पांच टी-20 मैचों की इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है।

इंग्लैंड ने 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज सॉल्ट के 56 गेंदों में नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक ने आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में तीन छक्के, एक चौका और एक दो लगाए और केवल सात गेंदों में नाबाद 31 रन ठोकर डाले उन्होंने सलामी बल्लेबाज साल्ट के साथ 12 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी कर एक गेंद शेष रहते ही टीम को जीत दिला दी।

इंग्लैंड की सॉल्ट और बटल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन बनाये। जोस बटलर 34 गेंदों में 51 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन ने 18 गेंदों में 30 रन बनाये।

इससे पहले निकोलस पूरन की केवल 45 गेंदों में 82 रन की शानदार पारी खेलते हुए वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। रोवमैन पॉवेल ने 39रन, शेरफेन रदरफोर्ड ने 29 रन और शाई होप के 26 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर ने केवल पांच गेंदों में नाबाद 18 रन बनाकर वेस्टइंडीज के स्कोर को छह विकेट पर 222 रन पर पहुंचा दिया।

इंग्लैंड की ओर से आदिल राशिद को दो विकेट मिले और आदिल राशिद तथा गुडाकेश मोती को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

दोनों टीमों के बीच मंगलवार को चौथा और गुरुवार को पांच टी-20 मैच त्रिनिदाद में खेला जायेगा।

# लियोन का 5वां विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 36 रन से रौंदा



